आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 13 नवंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 15
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

बस ऑपरेटरों के साथ बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



पेज-2

फिल्म '120 बहादुर' को लेकर फरहान चर्चाओं में



पेज-5

एसआईआर के फार्म 20 फीसदी ही बंट



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- ईडी की बड़ी कार्रवाई, जेपी इन्फ्राटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौर को किया गिरफ्तार
- दिल्ली : महिपालपुर रैडिसन के पास ब्लास्ट की सूचना फर्जी निकली, डीटीसी बस का टायर फटने से हुई थी तेज आवाज
- दिल्ली ब्लास्ट पर भड़काऊ पोस्ट शेयर करने के आरोप में असम में पांच गिरफ्तार
- सिंगापुर एफएम विवियन ने दिल्ली आतंकी हमले की निंदा की, कहा- भारत के साथ खड़ा हैं
- दिल्ली ब्लास्ट के बाद रांची में हाई अलर्ट, 46 जगहों पर चेकिंग अभियान
- खत्म हो रहा यूएस शटडाउन, सीनेट में सांसदों ने पक्ष में किया मतदान
- सुरक्षा चिंताओं के कारण 8 श्रीलंकाई क्रिकेटर पाक दौरा बीच में छोड़ लौटेंगे स्वदेश
- अंकारा में था दिल्ली ब्लास्ट का हैंडलर केसा, सेशन ऐप के जरिए उसके संपर्क में थे आतंकी
- डॉक्टर टेरर मॉड्यूल मामले में अल फलाह यूनिवर्सिटी अपनी सफाई में आज कर सकती है प्रेस कॉन्फ्रेंस
- अमृतसर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दो गिरफ्तार

# कद्दावर नेताओं के बीच 'कमजोर' साबित हुए श्रवण चावड़ा

## जिले के बड़े नेताओं से नहीं बैठ रहा तालमेल

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत का इनाम मिलता है, जो पार्टी के लिए हमेशा समर्पित संगठन की गाइडलाइन के हिसाब से चले, पार्टी उसे कहीं ना कहीं संगठन में एडजस्टमेंट कर देती है। लेकिन इंदौर जिले में जिला ग्रामीण अध्यक्ष के लिए बड़े नेताओं में कुश्ती देखने को मिली थी, जिसमें पहले नंबर पर चिंटू वर्मा और दूसरे नंबर पर अंतर दयाल का नाम था, लेकिन भाजपा के अंदरूनी गुटबाजी के कारण लूप लाइन में खड़े श्रवण सिंह चावड़ा को जिला अध्यक्ष बना दिया और उम्मीद जताई थी कि जिला अध्यक्ष जिले में भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलेंगे, लेकिन श्रवण सिंह चावड़ा जिले के सबसे कमजोर जिला अध्यक्ष साबित हुए अब तक जिले की टीम घोषित नहीं कर पाए कम समय में सुमित मिश्रा ने यह काम कर दिखाया। सूत्र बताते हैं श्रवण सिंह चावड़ा सबसे ज्यादा महामंत्री बनाने में उलझे हुए हैं। विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि इंदौर के एक वरिष्ठ नेता ने उन्हें महामंत्री बनाने के लिए नाम दिया है और यह भी कहा गया उसको महामंत्री नहीं बनाया गया तो मैं पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा। चावड़ा पार्टी के बड़े नेताओं से समन्वय नहीं बिठा



पा रहे हैं। जिले में केवल देपालपुर विधानसभा ही ऐसी है जहां मंडल की कार्यकारिणी आज तक घोषित नहीं हुई है, जिसका मुख्य कारण है देपालपुर में चावड़ा अपने लोगों को मंडल में एडजस्ट करना चाहते हैं, लेकिन विधायक की ओर से भेजे गए नाम को लेकर वे आपत्ति जता रहे हैं। यही कारण है कि अब तक मंडल की कार्यकारिणी में मोहर नहीं लगी है। चावड़ा की घोर लापरवाही से कांग्रेस नगर और ब्लॉक में मजबूत होती नजर आ रही है जिसकी एक ही वजह है संगठन के लोगों पर ध्यान नहीं देना, कहीं ना कहीं भाजपा को आने वाले समय में भारी न पड़ जाए।

*चावड़ा ने देपालपुर विधानसभा से टिकट मांगा था, लेकिन उनकी कार्यशैली के कारण पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जन्मदिन और भजन संध्या के माध्यम से उन्होंने बहुत ताकत दिखने की कोशिश की, लेकिन संगठन के आगे वे धराशाई हो गए क्योंकि भारतीय जनता पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ताओं की ही चलती है। अब देखना होगा चावड़ा जिला ग्रामीण टीम को कब घोषित करते हैं और साथ में देपालपुर मंडल कार्यकारिणी को कितनी जल्दी गठित करवाते हैं।*

**फोन उठाने के लिए रखा पीए-** जिलाध्यक्ष संगठन का पद होने के बाद भी श्रवण चावड़ा का रुख कार्यकर्ताओं के प्रति किसी मंत्री से कम नहीं है। वे अपना फोन पीए के माध्यम से ही उठवाते हैं, इसको लेकर भी शिकायत भोपाल तक पहुंची है।

### चौकड़ी से घिरे, कार्यकर्ता से हुए दूर

सूत्रों के अनुसार श्रवण सिंह अपनी ही एक चौकड़ी से घिरे हुए नजर आते है, जिसको लेकर पुराने बीजेपी कार्यकर्ताओं में अंदर ही आदत असंतोष उभर रहा है। इसकी खबर भोपाल के नेताओं तक पहुंचा दी गई है। श्रवण के साथ साए की तरह रहने वाले कुछ जिगरियों की अंदरूनी कहानी भी मय दस्तावेज पहुंचने की तैयारी चल रही है। महू क्षेत्र के कुछ नेताओं ने इसको लेकर विधायक के समक्ष भी चर्चा की है। सूत्रों के अनुसार विधायक ने आश्वाशन दिया है वे इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से चर्चा करेंगी।

# एसआईआर पर उंगली उठाने वाली कांग्रेस खुद ही घिरी अपने संगठन चुनाव में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल ●** एमपी यूथ कांग्रेस का चुनाव विवादों में घिर गया है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में सबसे ज्यादा वोट पूर्व मंत्री और जबलपुर से विधायक लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया को मिले हैं। वोटों की गिनती के बाद भी चुनाव प्रक्रिया को लेकर युवा कांग्रेस के नेता ही नाराज हैं। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा से कई युवा कांग्रेसियों ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायतें की हैं। 9 नवंबर को राहुल गांधी ने भी एसआईआर को वोट चोरी का हथियार बताया था वहीं मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने आरोप लगाए कि कांग्रेस ने खुद





यूथ कांग्रेस के चुनाव में वोट चोरी की है।

6 नवंबर को एमपी यूथ कांग्रेस में वोटों की गिनती का परिणाम घोषित किया गया था। इनमें यश को सबसे ज्यादा 3 लाख 13 हजार 730 वोट मिले हैं। जबकि भोपाल के अभिषेक परमार 2,38,780 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। तीसरे नंबर पर देवेन्द्र सिंह दादू रहे। प्रथम तीन उम्मीदवारों के दिल्ली में 9 नवंबर को इंटरव्यू हुए, लेकिन अभिषेक और देवेन्द्र सहित कई जिलों के युवा कांग्रेसियों ने चुनाव में गड़बड़ी को लेकर शिकायतें कीं। राजगढ़ के शिव दांगी ने बताया कि मैंने 17490 युवाओं की सदस्यता कराई। इनकी मेंबरशिप के लिए अलग-अलग टीमें काम कर रहीं थीं। करीब 10 लाख का पेमेंट हम लोगों ने अपने अकाउंट से किया। दूसरे खर्चे मिलाकर करीब 20-22 लाख रुपए खर्च हुए। कुछ मेंबर गाइडलाइन के तहत रिजेक्ट कर दिए। 43 हजार मेंबरशिप हुई थी। पूरे राजगढ़ जिले में मात्र 10 हजार वैलिड वोट बचे थे। 13 हजार मेंबर होल्ड किए गए। 10 हजार वैलिड बचे वोटों का मैंने हिसाब लगाया उनमें से मुझे 7 हजार वोट मिल रहे थे।

### 15 लाख युवाओं ने भरे थे मेंबरशिप फॉर्म

18 अप्रैल को एमपी में यूथ कांग्रेस के चुनावों की घोषणा के साथ ही सदस्यता शुरू हुई थी। ऑनलाइन मोड पर एप के जरिए कराई गई मेंबरशिप में हर नए सदस्य को 50 रुपए सदस्यता शुल्क भी अदा करना था। 20 जून से 19 जुलाई तक चलाए गए सदस्यता अभियान में 15,37,527 युवाओं ने सदस्यता फॉर्म भरे। इनमें से 63,153 युवाओं ने सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया। सदस्यता शुल्क के साथ 14 लाख 74 हजार 374 युवाओं ने मेंबरशिप के लिए फॉर्म भरे।

### इंदौर-भोपाल समेत 13 जिलों में चलेगी शीतलहर

**इंदौर।** पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होने की वजह से मध्य प्रदेश ठिठुर रहा है। अनूपपुर और बालाघाट में पिछले 2 दिन से कोल्ड डे की स्थिति है। गुरुवार को भी यही अलर्ट है। वहीं, इंदौर-भोपाल समेत कुल 13 जिलों में शीतलहर चलेगी। अगले चार दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विशेषज्ञ पीके शाह ने बताया- इस बार हिमालय क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक सप्ताह पहले ही एक्टिव हो गए। इस वजह से जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हो रही है। उत्तर से दक्षिणी की ओर बहने वाली हवा का असर एमपी में भी पड़ रहा है। जिससे ठंड का असर तेज हो गया है। भोपाल में बुधवार रात का पारा 8.4 डिग्री दर्ज किया गया। यहां पांच दिन से रात का तापमान 8 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

# शास्त्री ब्रिज के चूहों के ट्रीटमेंट के लिए आज होगा निर्णय

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर के एमवाय अस्पताल में सितंबर माह में चूहों ने दो मासूमों के हाथों की उंगलियां कुतर दी थी। इसके बाद नवंबर की शुरुआत में शास्त्री ब्रिज की रोड का कुछ हिस्सा भी चूहों के कारण धंस गया था। जिसमें सुधार जारी है।

शास्त्री ब्रिज पर जहां सड़क का हिस्सा धंस गया था, उस गड्ढे में दीवार तो बना दी गई है। अब यहां पर चूहों के लिए ट्रीटमेंट का काम किया जाएगा, जिससे चूहे यहां ओर नुकसान ना कर सके। दूसरी ओर, अब जनकार्य प्रभारी के पास गांधी प्रतिमा के यहां भी चूहों को लेकर शिकायतें मिली है। जिसे देखने के लिए वे गुरुवार को जाएंगे। अगर यहां भी स्थिति ठीक नहीं मिलती है तो इसे भी प्लानिंग भी शामिल कर इसका सुधार काम कराया जाएगा।

2 नवंबर को शास्त्री मार्केट की तरफ जाने वाले ब्रिज की रोड का हिस्सा अचानक धंस गया था। जिससे यहां 5 फीट गहरा और 6 फीट लंबा गड्ढा हो गया था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोड का ट्रैफिक थोड़ा डायवर्ट कर दिया था। बाद में निगम की टीम ने उस गड्ढे को भर दिया था। नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने मौका मुआयना किया। एसजीएसआईटीए के शिक्षक और निगम के इंजीनियरों को भी बुलवाया। उन्होंने वहां निरीक्षण किया। जहां पर रोड धंसी थी उसकी पास में ही एक चाय की दुकान थी। जिसे बंद करा दिया गया। वहीं गड्ढे को भरने के लिए गड्ढे के अंदर दीवार बनवाई गई। जिसके बाद इसे भरने का काम किया गया। हालांकि अभी काम पूरा नहीं हुआ है।

# आतंकवादी सुन लें, भारत मारना सीख गया- कुमार विश्वास

## धीरेन्द्र शास्त्री पद यात्रा के दौरान हुए बीमार

**मथुरा (एजेंसी) ●** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का गुरुवार को सातवां दिन है। दिल्ली और हरियाणा से होते हुए आज पदयात्रा मथुरा में दाखिल होगी। मथुरा में 55 किलोमीटर की यात्रा चार दिन में पूरी की जाएगी।

बुधवार रात रात्रि-विश्राम के दौरान धीरेंद्र शास्त्री के मंच पर कवि कुमार विश्वास पहुंचे। कुमार विश्वास ने कहा, 'यह नया भारत है। आतंकवाद ने आपको ललकारा है। दिल्ली की घटना ने देश को तबाह करने की कोशिश की। भीख में मिले हथियारों से दहशत फैलाने की कोशिश की गई, लेकिन भारत अब घर में घुसकर मारना सीख गया है।

अगर उनका कोई एजेंट इस भीड़ में है, तो सुन ले। अगर इस प्रकार की नीचता की हरकत नए



भारत में की तो एक युवा संत चलेगा, उसके पीछे करोड़ों भारतीय चलेंगे। गुरुवार शाम हरियाणा के पलवल में धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके चलते वे सड़क पर ही लेट गए। डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया। जांच में उनका तापमान 100 डिग्री से अधिक पाया गया। डॉक्टर ने उन्हें दो दिन आराम करने की सलाह दी, लेकिन धीरेंद्र शास्त्री ने दवा खाई और कुछ देर आराम करने के बाद फिर से पदयात्रा पर निकल पड़े।

# अब प्रदेश के मंत्री कहीं से भी कैबिनेट में हो सकते हैं डिजिटली शामिल

## मध्यप्रदेश में ई-कैबिनेट की तैयारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल ●** मप्र सरकार प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पूरी तरह पेपरलेस बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। नए साल से प्रदेश में ई-कैबिनेट बैठकें शुरू की जाएंगी। यह व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें प्रस्तावों से लेकर अनुमोदन तक की सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से होंगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) ने ई-कैबिनेट पोर्टल तैयार किया है, जबकि मप्र स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमपीएसआईडीसी) ने इसके लिए विशेष टैबलेट तैयार कराए हैं। शीघ्र ही ये टैबलेट सभी मंत्रियों, अपर मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिवों को वितरित किए जाएंगे। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने संबंधित विभागों को टैबलेट वितरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

ई-कैबिनेट प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों के साथ ही मंत्रिपरिषद के सदस्यों के निज सचिव, निजी सहायक और अन्य स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में ई-कैबिनेट पोर्टल पर प्रस्ताव अपलोड करने, अनुमोदन प्रक्रिया और बैठक में वर्चुअल भागीदारी की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। ई-कैबिनेट व्यवस्था लागू होने के बाद कैबिनेट के सभी एजेंडा, प्रस्ताव, नोटशीट और अनुमोदन दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में प्रारंभिक चरण में भौतिक प्रतियां रखी जाएंगी।

**पलटवार** भागवत द्वारा संघ की तुलना सनातन से करने पर विफरे कांग्रेसी

# दिग्विजय ने मांगा पीएम मोदी से संघ का सदस्यता प्रमाण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल ●** पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के बयान पर पलटवार किया है। दिग्विजय ने कहा कि संघ जैसे अन रजिस्टर्ड संगठन की हिंदू समाज से तुलना करके उन्होंने सनातन धर्म का अपमान किया है। वे सैकड़ों साल से चली आ रही हिंदू धर्म सनातनी परंपराओं की एक अनरजिस्टर्ड संगठन से तुलना कर रहे हैं। मोहन भागवत जी आपने सनातन धर्म का अपमान किया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि बड़े से बड़ा नेता, प्रधानमंत्री जी खुद को संघ का कार्यकर्ता बोलते हैं। अगर आप संघ के सदस्य हैं तो



मेंबरशिप फॉर्म बताइए।

भोपाल में अपने सरकारी आवास पर दिग्विजय सिंह ने प्रेस से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बेंगलुरू में आरएसएस का शताब्दी वर्ष का आयोजन हुआ था। जिसमें मोहन भागवत ने अपने विचार रखे थे। उस समय का पूरा आयोजन आरएसएस के पदाधिकारियों तक सीमित था, जिसमें उन्होंने बड़ी चौंकाने वाली बात की थी।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि पहली बात तो उन्होंने कही कि लोग ये शिकायत करते हैं कि आरएसएस अपंजीकृत है, भागवत जी ने इसका काउंटर करते हुए कहा कि अगर आरएसएस अपंजीकृत है तो हिंदू धर्म भी अपंजीकृत है, इस्लाम भी अपंजीकृत है। मोहन भागवत के इस बयान पर मुझे घोर आपत्ति है। मैं उसकी निंदा करता हूं।

**सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए-**दिग्विजय सिंह ने कहा- आपने दूसरा प्रहार यह किया है कि हिंदू धर्म का पालन करने वालों में मुस्लिम, ईसाई भी शामिल कर लिए। सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए। मैं हमेशा से इस बारे में कहता आया हूं। स्वामी विवेकानंद जी ने भी यही बात कही है कि सनातन धर्म सभी धर्मों का सम्मान करता है। पूर्व सीएम ने कहा- अगर कहीं पर हिंदू-मुस्लिम का छोटा-मोटा झगड़ा होता है तो हिंदुओं पर कानूनन कार्रवाई तो होती ही है लेकिन मुसलमान ने अगर जुर्म किया तो उनके परिवार पर कार्रवाई क्यों करते हैं। उनका घर तोड़ते हैं। मैं उसका भी विरोध करता हूं।

**दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**

# पतंजलि को तीन दिन में 'धोखा' वाला च्यवनप्राश विज्ञापन रोकने का आदेश

## डाबर के आरोप मानते हुए विवादित प्रचार पर लगी रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** योग गुरु बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने तीन दिनों के अंदर पतंजलि च्यवनप्राश के उस विज्ञापन को प्रसारित करने से रोकने का आदेश दिया है, जिसमें अन्य सभी च्यवनप्राश ब्रांडों को 'धोखा' कहा गया है। जस्टिस तेजस करिया ने डाबर इंडिया लिमिटेड बनाम पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को सोशल मीडिया कंपनियों, ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म और अनेय प्रसारकों को तीन दिनों के अंदर इस विज्ञापन को रोकने का आदेश दिया जस्टिस करिया ने अपने फैसले में कहा, 'प्रतिवादी राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों, ओवर द टॉप प्लेटफॉर्म या किसी भी प्रकार की स्ट्रीमिंग प्रणाली, और प्रिंट माध्यमों और वर्ल्ड वाइड वेब/इंटरनेट पर प्लेटफॉर्म, समाचार पत्रों और अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से विवादित विज्ञापन को तीन दिनों के अंदर हटाएं, ब्लॉक करें या उसे निष्क्रिय कर दें।' हाई कोर्ट की एकल पीठ ने यह आदेश डाबर इंडिया की उस याचिका पर दिया, जिसमें पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश के हालिया टेलीविजन विज्ञापन को अपमानजनक और अनुचित बताया गया था। डाबर की याचिका के अनुसार, विज्ञापन में बाबा रामदेव उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए दिखाई दे रहे थे कि च्यवनप्राश के नाम पर ज़्यादातर लोगों को ठगा जा रहा है।

# कैंसर ट्रीटमेंट में करोड़ों की फर्जीवाड़े का राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा, अमिताभ बच्चन की फोटो का उपयोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर कलेक्टर ने एक शिकायत पर एक्शन लिया। इसमें कैंसर ट्रीटमेंट के नाम पर फर्जीवाड़े का एक राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा हुआ है। कैंसर हीलर सेंटर और उनके संचालकों द्वारा कैंसर के ट्रीटमेंट के नाम पर लाखों के पैकेज लेकर यह खेल किया जा रहा है। इलाज के लिए 20-20 लाख के पैकेज बताकर लूटा जा रहा है। इसके लिए बिग बी यानी अमिताभ बच्चन के साथ फोटो का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। देश में यह 24 जगह संचालित हो रहा है। इंदौर का सेंटर सील कर दिया गया है।

**क्या है मामला**-इंदौर में 401 प्रासपर्टी सेंटर डायमंड कॉलोनी न्यू पलासिया में स्थित इस सेंटर को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के पास शिकायत पहुंची थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि सेंटर संचालकों द्वारा कैंसर इलाज के नाम पर लाखों रुपए लिए जाते हैं। उनसे 21 लाख रुपए लिए गए। दावा था मरीज पूरी तरह ठीक हो जाएगा। लेकिन इसके बाद भी पत्नी का 28 सितंबर को निधन हो गया। इलाज के नाम पर एक-एक दिन में साढ़े तीन लाख रुपए तक के भुगतान किए गए।

### कलेक्टर ने कराई जांच तो चौंकाने वाले खुलासे

इस मामले की जांच कलेक्टर शिवम वर्मा ने सीएमएचओ डॉ, माधव हसानी और उनकी टीम भेजकर कराई। टीम ने वहां सारे बिल और रिकार्ड देखे तो चौंक गए। लाखों के बाउचर मिले। वहीं अलमारियों में और बोरियों में कैंसर ट्रीटमेंट की दवाएं भरकर रखी हुई थी।

सबसे आश्चचर्यजनक की बात कि यह सेंटर रजिस्टर्ड ही नहीं है। सीएमएचओ ऑफिस में यह रजिस्टर्ड नहीं है। बिना रजिस्ट्रेशन के ही यह लाखों के पैकेज देकर मरीजों का इलाज कर रहा था। इंदौर में यह सेंटर साल 2016 से बिना पंजीयन के ही संचालित हो रहा है।

### खुद को यूके से एक्सपर्ट बताता है संचालक

इसके संचालक डॉ. तरंग कृष्णा है। खुद को कैंसर विशेषज्ञ बताते हैं और यूके से पीएचडी कैंसर स्पेसलिस्ट बताते हैं। उन्होंने खुद को स्पेशलिस्टइन इंटीग्रेटिव मेडिसीन कैंसर ट्रीटमेंट बता रखा है। अपनी वेबसाइट पर अमिताभ बच्चन के साथ भी फोटो लगाई हुई है। यह फोटो उन्होंने दिवाली मिलन कार्यक्रम जो बच्चन द्वारा होस्ट किया गया था उस दौरान की बताते हैं।

### देश में 24 जगह चला रहे सेंटर

यह सेंटर दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू, चंडीगढ़, अहमदाबाद, पुणे, इंदौर, पटना, कोलकाता, रायपुर, हैदराबाद, चेन्नई, लखनऊ, देहारदून, जयपुर, वाराणसी, गुवाहटी, रांची, सूरत, ठाणे में संचालित हो रहा है।

### दो लाख मरीज देखने का दावा

वेबसाइट पर में दावा किया गया है कि दो लाख मरीजों को डॉ. तरण कृष्णा देख चुके हैं। अभी तक 9 लाख कैंसर मरीजों के साथ का अनुभव है। जिस तरह से लाखों के पैकेज है उसे देखकर यह करोड़ों की ठगी का राष्ट्रीय नेटवर्क दिख रहा है। सीएमचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के सेंटर चलने पर इसे सील कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मप्र में इंदौर से दो प्रांतीय पदाधिकारी नियुक्त

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश (रजिस्टर्ड) के प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे ने इंदौर से भगवतीप्रसाद पंडित को वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री पंडित प्रदेश के मीडिया प्रभारी के साथ ही इंदौर सम्भाग के प्रभारी का दायित्व भी निर्वहन करेंगे। इसी प्रकार देवीसिंह बारूपाल को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रांताध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि श्री बारूपाल उज्जैन संभाग के प्रभारी भी रहेंगे। पंडित एवं बारूपाल के प्रांतीय पदाधिकारी मनोनीत किए जाने पर आर के शुक्ला, रमेशचन्द्र रावल, के एस ठाकुर, आई के शर्मा, राजेश जोशी, नरेंद्र ठाकुर, श्रीमती शांति वसुनिया आदि एवं अन्य प्रांतीय, सम्भाग, जिलों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रांताध्यक्ष श्री दुबे का आभार प्रकट किया है।

### कलेक्टर द्वारा गठित समिति के समक्ष की गई नष्टीकरण की कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आबकारी विभाग द्वारा गत वर्ष 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2024 तक इंदौर जिले में कुल 15 वृत्तों में 7942 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये थे। जिसमें जप्त कुल 40675 लीटर मदिरा, जिसकी कीमत 10505584 रूपये है तथा जप्त 111371 किलोग्राम महुला लाहान, जिसकी कीमत 11137100 रूपये, के सैंपल एवं 450 किलोग्राम भांग, जिसकी कीमत 450890 रूपये है। इस प्रकार कुल 22093574 रूपये कीमत की मदिरा एवं भांग को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा गठित समिति के समक्ष 12 नवम्बर 2025 को माउंट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमिटेड परिसर मेंमदी में रोड रोलर चलाकर नष्ट किया गया।

### आर्दश पूर्वी कोरी समाज का नि: शुल्क परिचय सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाजिक पराकाष्ठा का समाजिक समागम, आदर्श पूर्वी कोरी समाज, इन्दौर महानगर के तत्वावधान में समाज की महंती आवश्यकता नि:शुल्क परिचय सम्मेलन, समाज के वह शिक्षित युवक-युवती परिणय बंधन हेतू अपने भविष्य के लिए अपना मन चाहा जीवन साथी तलाशने के लिए आदर्श पूर्वी कोरी समाज द्वारा एक प्रादेशिक स्तर पर नि:शुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 11 जनवरी से स्थान-गांधी हाल जिला कोर्ट के पास एम जी रोड इन्दौर को होने जारहा है,इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाज सेवीयो का सम्मान समारोह, अत: समाज के सभी कोरी/कोली समाज बन्धु अवश्य पधारे।

## सही मार्गदर्शन से संवरता है, विद्यार्थियों का भविष्य

### बच्चों को स्वेटर व ऊनी टोपी एवं कंबल के वितरण

**दैनिक इंदौर संकेत**




**इंदौर** ● आज के बालक देश का भविष्य है और पढ़ाई के दौरान इन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन मिल जाए, तो ये निश्चित ही अपने गुरुजनों के साथ माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। आज के विद्यार्थी ही आगे बढ़कर देश, समाज और परिवार को गौरवान्वित करते हैं, और यदि छात्रावास में रहकर पढ़ रहे है, तो ये अनुशासन के साथ अपने जीवन के सपने को साकार करेंगे।

ये बात समाजसेविका अलका सैनी ने शासकीय विमुक्त जाति बालक आश्रम बैटमा के जरुरतमंद बच्चों को स्वेटर व ऊनी टोपी एवं कंबल के वितरण कार्यक्रम में कही। आयोजक कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं बंजारा जन -विकास सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि ठंड के दिन में बच्चों का स्वास्थ्य का ध्यान रखेंते हुए शासकीय विमुक्त जाति बालक आश्रम बैटमा के जरुरतमंद बच्चों को स्वेटर व ऊनी टोपी एवं कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम के की अध्यक्षता सहायक संचालक अनिल सोनी ने की और विशेष अतिथि समाजसेवीका श्रीमती कल्पना भण्डारी, ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष भीम सिंह राठौड़ की अतिथि में संपन्न हुआ। अतिथि का स्वागत छात्रावास अधीक्षक श्रीमती ममता शर्मा, आशीष शिंदे, चेतन बढ़तिया, उमेश शर्मा, एहसास अली ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव ने किया। अंत में आभार समाज सेवी जितेन्द्र यादव ने किया।

## यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि : बस ऑपरेटरों के साथ बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज इंदौर में बस ऑपरेटरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुगम बनाना, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और बस स्टाफ के आचरण में अनुशासन लाना था। बैठक में यात्रियों की सुरक्षा, उनके ?लिए सुविधाएं, यात्रियों के साथ शालीन और सदव्यवहार और यातायात की सुगमता के लिए बस संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाये। पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

कलेक्टर ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस संचालन ऐसा हो जिससे किसी यात्री को असुविधा या परेशानी नहीं हो। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए, और किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और बस ऑपरेटर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक बस स्टाफ द्वारा की गई एक घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने पुलिस कार्रवाई की है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक में पुलिस, आरटीओ और जिला प्रशासन की टीमों के साथ सभी प्रमुख बस ऑपरेटर मौजूद रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि बसों में लाइटिंग, जीपीएस, आपातकालीन बटन, पीने के पानी जैसी सुरक्षा सुविधाएं अनिवार्य रूप से कार्यशील रहें। ड्राइवर, कंडक्टर और स्टाफ नशीले पदार्थों का सेवन न करें।

**कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थान संचालकों को दिए निर्देश**

## छात्रवृत्ति के पात्र विद्यार्थियों को फीस/शुल्क भुगतान नहीं कर पाने पर परीक्षा से नहीं किया जाए वंचित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले के सभी शासकीय/ अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों को निर्देश दिए है कि वे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। छात्रवृत्ति के पात्र ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने फीस/शुल्क का भुगतान नहीं किया है, उन्हें परीक्षा से वंचित नहीं किया जाए। ऐसा पाये जाने पर संबंधित संस्थानों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर वर्मा ने जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए अनियमितताएं करने वाले शिक्षण संस्थानों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

बताया गया कि निजी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं का एडमिशन डाटा पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से या अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र होकर भी आवेदन नहीं कर पाते है। संस्थाओं की शैक्षणिक शुल्क प्रतिपूर्ति नहीं करने से उन्हें परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जाता है।

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि इंदौर जिला उच्च शिक्षण क्षेत्र में प्रदेश का एज्युकेशन हब है। प्रदेश के सभी जिलों के मध्यमवर्गीय परिवार के अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे छात्र-छात्राएं, जो स्कॉलरशिप बेस पर शासकीय/ अशासकीय संस्थाओं में प्रवेश लेते है, किन्तु पोर्टल पर संस्थाओं द्वारा समय पर एडमिशन डाटा या फीस डाटा अपलोड नहीं करने के कारण या अन्य तकनीकी कारणवश समय पर ऑनलाईन आवेदन दर्ज नहीं कर पाते है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि यह शैक्षणिक संस्था का दायित्व है कि विद्यार्थियों का एडमिशन डाटा एवं फी डाटा अपने संबंधित लाईन डिपार्टमेंट से समन्वय स्थापित कर समय पर अपलोड एवं अप्रूव करवाकर MPTAASC पोर्टल पर अपलोड किया जाए। कुछ संस्थाएँ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की दिनांक निकल जाने पर और पोर्टल लिंक बंद होने के उपरान्त यह कार्यवाही करते है जिसके कारण पात्र विद्यार्थी के आवेदन दर्ज करने से वंचित रह जाते है और प्राय: जनसुनवाई/सी.एम. हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज करते है।

## समाधान योजना में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समय पर छूट का लाभ दिलाएं



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाधान योजना मप्र शासन की बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट दिलाने की महत्वपूर्ण योजना है। इसका सभी पात्र उपभोक्ता को बिजली कर्मचारी, अधिकारी लाभ दिलाएं, कोई भी पात्र व्यक्ति, उपभोक्ता समाधान योजना के लाभ से वंचित न रहे। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने ये निर्देश दिए। बुधवार को पोलोग्राउंड इंदौर स्थित बिजली कंपनी सभागार में ली गई मिटिंग में उन्होंने कहा कि कंपनी क्षेत्र में 20 लाख से ज्यादा बकायादार उपभोक्ता इसके लिए पात्रता रखते हैं, सभी फील्ड कर्मचारी पात्रतानुसार छूट का लाभ दिलाएं चाहे वह घरेलू उपभोक्ता हो या फिर कृषि, उद्योग, गैर घरेलू श्रेणी का उपभोक्ता हो। नियमानुसार, पात्रतानुसार रियायत प्रत्येक पात्रताधारी को समय पर दी जाए। श्री सिंह ने राजस्व संग्रहण लक्ष्य के अनुसार एकत्र करने, ट्रिपिंग व ट्रांसफार्मर फेल रेट कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रबी सीजन का पिक समय अगले माह प्रस्तावित हैं, ऐसे में किसानों को शासन के आदेशानुसार प्रतिदिन दस घंटे बिजली गुणवत्ता के साथ दी जाए।

### खातीपुरा में भैरव बाबा को लगाया छप्पन भोग



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● खातीपुरा स्थित चमत्कारी भैरव बाबा मंदिर में भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर श्री चमत्कारी भैरव बाबा भंडारा आयोजन समिति द्वारा भैरव बाबा का फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग लगाएं और महाआरती हुई। समिति के अध्यक्ष भोला सिंह ठाकुर ने बताया कि मंदिर में भैरव अष्टमी के अवसर पर भैरव बाबा विशेष श्रृंगार कर गेंदा, मोगरा, गुलाब सहित अनेक किस्मों के फूलों से फूल बंगला सजाया। छप्पन तरह के पकवानों का भोग लगाया। 108 दीपों से महाआरती की। बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

## महाकाल भैरव मंदिर में हुई महाआरती विधायक सोनकर ने करी शिरकत

**दैनिक इंदौर संकेत**



**सांवेर** ● नगर में बुधवार को भैरव अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में फूल बंगले सजाए गए और महाप्रसादी का वितरण किया गया, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के अंतिम मार्ग स्थित महाकाल भैरव मंदिर, कटक्या किनारे प्राचीन कटकेश्वर भैरव मंदिर और श्री पछाड़ भैरव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। सभी मंदिरों में महाआरती, भजन संध्या और प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

अंतिम मार्ग स्थित महाकाल भैरव मंदिर पर सूर्यप्रकाश बाथरा ने बताया कि सुबह से ही भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ी। शाम 7 बजे आतिशबाजी के बीच महाआरती हुई, जिसमें सोनकच्छ विधायक राजेश सोनकर, नप अध्यक्ष संदीप चांगेड़िया, दिलीप चौधरी, लवी सिंह गांधी, अनिल जोशी, जयदीप कानूनगो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महाआरती के बाद सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और महाप्रसादी का वितरण किया गया। श्री पछाड़ भैरव मंदिर में भी भव्य सजावट की गई। सेवादार रोहित गौड़ ने बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया। शाम 7 बजे महाआरती के बाद आतिशबाजी और प्रसादी वितरण हुआ। मंदिर को फूलों और विद्युत सज्जा से सजाया गया।



## तिलक नगर में भरत-कुसुम मोदी चिकित्सा केंद्र का हुआ भूमिपूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● तिलक नगर जैन समाज के लिए बुधवार का दिन एक ऐतिहासिक अवसर बन गया, जब वरिष्ठ समाजसेवी भरत कुसुम मोदी सहित अन्य समाजजनों द्वारा 'भरत-कुसुम मोदी चिकित्सा केंद्र' का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। यह चिकित्सा केंद्र समाज के स्वास्थ्य व सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। यह केंद्र बहुत जल्द बनकर तैयार होगा। इसके बुधवार को भूमिपूजन हुआ उसके साथ ही इसका निर्माण शुरू हो गया। इस चिकित्सा केंद्र पर हर वर्ग के व्यक्ति का इलाज होगा कार्यक्रम की प्रेरणा संजय पाटोदी की रही। भरत मोदी ने कहा कि तिलक नगर जैन समाज ने मेरी सहभागीता की स्वीकार कर मुझे इस कार्य के योग्य समझा-मे समाज का हृदय से आभारी हूँ!यह चिकित्सा केंद्र समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित रहेगा श्री होलासराय सोनी, रमेश जैन, कीर्ति पांड्या, संदीप मोयरा, कैलाश वैद मनोहर झांझरी सहित ने कहा कि भरत मोदी समाज के सच्चे हितैषी, विनम्र दानी एवं सरल स्वभाव के धनी हैं। उनकी सेवा भावना प्रेरणास्त्रोत है।

### नर्मदा परिक्रमा यात्रा शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नर्मदा परिक्रमा यात्रा बुधवार को गौमुख घाट ममलेश्वर से शुरू हुई, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी सत्यप्रिया गिरी के पावन सानिध्य में निकलने वाली यात्रा में इंदौर सहित अन्य प्रदेशों के यात्री सम्मिलित हुए। लक्की अवस्थी, समृद्ध अवस्थी ने बताया कि यात्रा में शामिल होने के लिए इंदौर से बड़ी संख्या में यात्री को ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए, नर्मदा परिक्रमा यात्रा की शुरुआत बुधवार को सुबह 8:00 बजे गोमुख घाट ममलेश्वर से हुई यात्रा शुरू के पहले वेद मंत्रों के बीच 108 कन्याओं का पूजन हुआ, उसके बाद 108 संत ब्राह्मणों का पूजन हुआ, मां नर्मदा को चुनरी अर्पण करके यात्रा शुरू हुई। 500 से ज्यादा यात्री इंदौर सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों से सम्मिलित हुए, यात्री पैदल चलकर मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे है यह परिक्रमा 4 महीने चलेगी। इस यात्रा में साध्वी ऋतुंभरा देवी दीदी मां भी सम्मिलित होगी।

## सनातन एकता पदयात्रा में इंदौर से बड़ी संख्या में युवा हुए सम्मिलित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिल्ली से बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पावन सानिध्य में निकलने वाली सनातन एकता यात्रा मे बड़ी संख्या में युवा सम्मिलित हुए। यात्रा में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय युवाओं के साथ सम्मिलित हुए।

इंदौर से बड़ी संख्या में युवा सनातन एकता यात्रा में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुए, युवा समाजसेवी अक्षत चौधरी के साथ युवाओं ने दिल्ली पहुंचकर सनातन एकता यात्रा में शामिल होकर बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ पैदल यात्रा की।

युवा समाजसेवी अक्षत चौधरी ने बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का हार फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। सनातन एकता पदयात्रा दिल्ली से वृंदावन तक आयोजित हो रही है। जिसमें हजारो भक्त पैदल चल रहे है।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

## अजाक्स की आपत्ति दरकिनार, हाई कोर्ट में जारी रहेगी पदोन्नति में आरक्षण सुनवाई

### आरबी राय मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने का संदर्भ दिया तो युगलपीठ ने नाराजगी जताई

**भोपाल (एजेंसी)** ● प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण मामले पर दायर याचिकाओं पर बुधवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा एवं न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष बुधवार को सुनवाई हुई। अनुसूचित जाति, अधिकारी, कर्मचारी संघ (अजाक्स) की ओर से इस संबंध में आरबी राय मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने का संदर्भ देकर हाई कोर्ट में सुनवाई किए जाने पर आपत्ति जताई गई। कहा गया कि हाई कोर्ट में सुनवाई नहीं होनी चाहिए। इस पर युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि यह मामला अलग है, सुनवाई क्यों नहीं होनी चाहिए? आपत्ति अस्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनने के लिए गुरुवार (13 नवंबर) की तिथि नियत की है। भोपाल निवासी डा. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम -2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है।

### हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच के परिसर व शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखें

हाई कोर्ट ने ग्वालियर शहर और हाई कोर्ट परिसर में आगामी 16 नवंबर को प्रस्तावित विरोध दिवस के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के अंतरिम आदेश कलेक्टर को दिए हैं। कोर्ट ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, हाई अर्जी पर बुधवार को सुनवाई पूरी कर कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, कलेक्टर, ग्वालियर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन है। अनिल मिश्रा, भीम आर्मी भीम संगठन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमें ढोंग का नहीं, ढंग का जीवन जीने का पुरुषार्थ करना चाहिए - पं. नागर

**इंदौर** ● आज हमारे चारों ओर ढोंग ही ढोंग पसरा हुआ है। धर्म में भी ढोंग का चलन बढ़ गया है। हमें ढोंग का नहीं, ढंग का जीवन जीने का पुरुषार्थ करना चाहिए। इस ढोंग भरे माहौल से बाहर निकलकर जीवन में एक ऐसा पवित्र संकल्प करें या किसी ऐसे काम का बीड़ा उठाएं कि वह हमारे जीवन की साधना और तपस्या बन जाए। हम भले ही मन्दिर न जाएँ, पूजा-पाठ, तीर्थ यात्रा, गंगा स्नान और अन्य कोई कार्य न करें लेकिन यदि जटायु की तरह केवल सीता जी की रक्षा करने जैसा कोई शुभ संकल्प ही धारण कर लें तो हमें भी अपने राम का सानिध्य मिल सकता है। जीवन में कोई न कोई अच्छे काम का बीड़ा जरुर उठाना चाहिए। जीवन की सार्थकता यही है कि हम अच्छा बोलें, अच्छा सुनें, अच्छा देखें और अच्छा सोचें। सनातन धर्म की मजबूती और समाज में संस्कारों की समृद्धि के लिए हमें दर्शनार्थी नहीं सेवादार बनकर काम करना चाहिए। भागवत कथा की सार्थकता यही है कि हम अपने जीवन को श्रेष्ठ विचारों और संकल्पों से इतना ऊँचा बनाएं कि भगवान खुद हमें अपनी गोद में बिठा लें।

### भैरव अष्टमी पर श्री श्रीविद्याधाम पर बटुक भैरव का सजा पुष्प बंगला

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर बुधवार को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में सुबह आश्रम परिसर स्थित भैरवनाथ मंदिर पर बटुक भैरव का 21 विद्वानों द्वारा रूद्राभिषेक एवं षोडषोपचार पूजन कर गो दुग्ध से अभिषेक किया गया। शाम को छप्पन भोग समर्पित कर पुष्प बंगला सजाया गया। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में आश्रम स्थित भैरवनाथ मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया था। भैरवनाथ के साथ सीतलामाता और माँ अन्नपूर्णा का भी श्रृंगार कर पूजन किया गया। सुबह से भक्तों द्वारा दर्शन एवं पूजन का क्रम शुरू हो गया था। इस मौके पर मां ललिता त्रिपुर सुंदरी का भी मनोहारी श्रृंगार कर महाभोग लगाया गया। महाआरती में आश्रम परिवार के सदस्यों तथा सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया। शाम को स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद-वेदांग विद्यापीठ के बटुकों ने भी पूजन-अर्चन किया। देर रात तक भक्तों ने नाचते-गाते हुए भगवान भैरवनाथ की आराधना की। दिन भर भक्तों द्वारा पूजन का क्रम चलता रहा और आश्रम परिसर भैरव बाबा के जयघोष से गूंजता रहा।

## शिवशक्ति योग केंद्र के मिलन समारोह में दृष्टिहीन युवा की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● केसर बाग रोड स्कीम 103 स्थित शिवशक्ति योग केंद्र का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह विधायक मधु वर्मा के मुख्य आतिथ्य, समाजसेवी किशोर गोयल, पार्षद ओमप्रकाश आर्य, न्यायमूर्ति विजय दांगी, विद्या भारती मालवा प्रान्त की श्रीमती मीना नीमा एवं अन्नपूर्णा मंदिर चमेली देवी योग केंद्र की प्रशिक्षक भावना जायसवाल तथा योग गुरु खेमचंद चिमनानी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात संस्था के सेवा कार्यों की जानकारी श्रीमती मीना नीमा ने दी। दिनेश जिंदल ने आगामी शीतकाल में विभिन्न स्कूलों में 500 स्वेटर वितरण करने का संकल्प व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत बंसी पटेल, अध्यक्ष दिनेश जिंदल, प्रतिभा खरे, प्रदीप पतंगीया आदि के किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मेहमानों का मन मोह लिया। शंखनाद, गणेश नृत्य, योग नृत्य एवं दिव्यांग युवा मनोज व्यास ने दृष्टिहीन होते हुए भी अपने संगीत एवं भजनों की इतनी प्रभावी प्रस्तुती दी कि विधायक मधु वर्मा ने 25 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में रहवासी संघ के अध्यक्ष प्रमोद हार्डिया, सुभाष पालीवाल, रमेश शर्मा, धर्मेन्द्र दवानी, धर्मेन्द्र संजय गोधा, दिलीप चौधरी, अनिल कटारिया, श्रीमती सुनीता खन्ना सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। संचालन दिनेश जिंदल ने किया और आभार माना श्रीमती लीना ने।

## भामिनी राठी ने सिविल जज परीक्षा में किया टॉप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●भामिनी हाईकोर्ट की इंदौर बैंच में प्रैक्टिस करती थी। भामिनी ने छत्तीसगढ़ में भी सिविल जज परीक्षा दी थी और चयन के बाद वे रायपुर में नौकरी कर रही है। अब उन्होंने मध्य प्रदेश की सिविल जज परीक्षा में टॉप किया है। सिविल जज परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित हुए है। इसमें इंदौर की भामिनी राठी ने टॉप किया है। भामिनी ने इंदौर के क्वीन्स कॉलेज से पढ़ाई की और देवी अहिल्या विश्व विद्यालय की छात्रा रही और इंदौर से लॉ की डिग्री ली। भामिनी के ताऊ हाईकोर्ट में जज रह चुके और चचेरे दोनो भाई वकील है। परिवार के तीन सदस्य विधिक क्षेत्र में होने के कारण भामिनी का रुझान भी इस तरफ बचपन से रहा। भामिनी ने भी इसे क्षेत्र को कैरियर के लिए चुना। भामिनी हाईकोर्ट की इंदौर बैंच में प्रैक्टिस करती थी।

## 15 फीट की गली 60 फीट चौड़ी सड़क में होगी तब्दील

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बीआरटीएस के ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए विभागों ने लिंक मार्गो का निर्माण किया है। इस बार एलआईजी मार्ग से एमआर-9 लिंक मार्ग को जोड़ने वाली एक गली को चौड़ा किया जा रहा है। मालवीय नगर बस्ती की यह गली पहले 15 फीट चौड़ी थी। आमने-सामने के वाहन भी नहीं निकल पाते थे, लेकिन अब इसे नगर निगम 60 फीट चौड़ा बना रहा है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बाधक निर्माण भी तोड़े गए। इसका दर्द उन परिवारों की आंखों में देखा जा सकता है, जिनको रहने के घर भी नहीं बचे। ज्यादातर मकानों से आठ से दस फीट के निर्माण टूटे हैं। आने वाले दिनों में जब सड़क बन जाएगी तो यह मुख्य मार्ग हो जाएगा और व्यावसायिक



गतिविधियां इन मकान मालिकों के लिए फायदेमंद रहेंगी। इस लिंक रोड के बनने से एलआईजी जंक्शन पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। अभी सुबह और शाम के समय इस चौराहे पर जाम जैसे हालात बनते हैं। लिंक रोड से होते हुए वाहन चालक सीधे एमआर-9 मार्ग तक पहुंच सकेंगे। भविष्य में एमआर-9 मार्ग बायपास से जुड़ेगा। तब ट्रैफिक में और आसानी होगी। इसके अलावा एमआर-9 जंक्शन पर भी ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

इस सड़क को बनाने के लिए पिछले दिनों डेढ़ सौ से ज्यादा निर्माणों को नगर निगम ने तोड़ा। रहवासियों ने काफी विरोध भी किया। 30 परिवारों के पास एक इंच भी जमीन नहीं बची। नगर निगम ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान दिए हैं, लेकिन वे वहां जाना नहीं चाहते। मकान टूटने के बाद टीन शेड में रहे लोगो ने कहा कि उनका परिवार बस्ती में टिफिन सेंटर चलाकर गुजारा करता था। दो साल पहले ही तीन मंजिला मकान बनाया था।

## एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को आयोजित होने वाले 'मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' में शामिल होंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कॉनक्लेव का आयोजन प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाने के लिये किया जा रहा है। इससे राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय हो होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके। कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का 'टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन' प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे जिसमें निवेश और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा होगी।

कॉनक्लेव में 'मध्यप्रदेश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी नीति 2025' का मसौदा भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसका उद्देश्य उज्जैन को भारत के उभरते अंतरिक्ष नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जो इसकी खगोलीय विरासत को आधुनिक अंतरिक्ष अनुप्रयोगों से जोड़ेगा। यह मसौदा IN-SPACE के तहत राष्ट्रीय अंतरिक्ष सुधारों के अनुरूप है, जो उपग्रह डिज़ाइन, प्रक्षेपण सेवाओं और सुदूर संवेदन में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी।

पहले संस्करण की सफलता के बाद, एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 और बड़े पैमाने महत्वाकांक्षा के साथ आयोजित की जाएगी। पिछले 6 महीनों में मध्यप्रदेश ने नवाचार, बुनियादी ढांचे और निवेश के माध्यम से उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं। इंदौर में नए जीसीसी संचालित हो रहे हैं जो आईटी, फिनटेक और चिकित्सा प्रौद्योगिकी में बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। साथ ही ड्रोन टेक्नोलॉजी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पर तेज़ी से कार्य चल रहा है जो अनुसंधान, डिज़ाइन, प्रोटोटाइपिंग और उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देंगे।

## बीमा, शेयर, डिविडेंड और म्यूचुअल फंड जैसी अनक्लेम्ड जमाराशियों के तेजी से निपटान करने हेतु विशेष पहल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में बीमा, शेयर, डिविडेंड और म्यूचुअल फंड जैसी अनक्लेम्ड जमाराशियों के तेजी से निपटान करने हेतु विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत विशेष शिविर 14 नवम्बर को कलेक्टर कार्यालय इंदौर के कक्ष क्रमांक जी-12 में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में नागरिकों को उनकी जमा राशियों, बीमा दावों, शेयर एवं म्यूचुअल फंड की राशियों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष के अंतर्गत आपकी पूंजी आपका अधिकार संयुक्त जनजागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को उनकी जमा, बीमा, शेयर, डिविडेंड और म्यूचुअल फंड जैसी अनक्लेम्ड राशियों के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें वापस दिलाने के लिए विशेष जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के नेतृत्व में तथा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति भोपाल के मार्गदर्शन में अग्रणी जिला कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें बैंकों (लीड बैंक), बीमा कंपनियों, पेंशन, म्यूचुअल फंड तथा संबंधित संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। शिविर में नागरिकों को उनकी जमा राशियों, बीमा दावों, शेयर एवं म्यूचुअल फंड की राशियों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही व्यापक जनजागरूकता अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इन शिविरों का आयोजन 31 दिसम्बर 2025 तक जिले भर में किया जाएगा। नागरिकों को अपने जमा, दावा पत्र भरने एवं दावा प्रक्रिया के सम्पादन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को उनकी जमा, बचत एवं निवेश से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उनके निष्क्रिय खातों की वापसी पूर्वक राशि उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखा है। इंदौर जिले में खातों के अंतर्गत राशि को राष्ट्रीयकृत किया गया है, जिसमें पात्र नागरिकों को राशि वापस दिलाने को लक्ष्य बनाया गया है। अदावाकृत जमाकर्ताओं से अपील की गई है कि वे इस शिविर का लाभ उठायें।

## भाजपा का बूथ तंत्र, सरकारी तंत्र बन गया है: कांग्रेस

### कांग्रेस सेवा दल का बड़ा खुलासा: 1635 बूथों पर 200 भाजपा-समर्थक सरकारी कर्मचारी सक्रिय, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिले में लोकतंत्र की जड़ों को हिला देने वाली एक चिंताजनक स्थिति सामने आई है। कांग्रेस सेवा दल के जिला कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल एवं गिरीश जोशी ने दावा किया है कि जिले के कुल 1635 मतदान केंद्रों में से लगभग 200 बूथों पर ऐसे सरकारी कर्मचारी तैनात हैं, जो भाजपा के सक्रिय सदस्य, पदाधिकारी या प्रचारक हैं। सेवा दल ने कहा कि यह स्थिति बताती है कि भाजपा अब केवल बूथ पर नहीं, सरकारी विभागों के माध्यम से भी चुनाव जीतने की तैयारी कर रही है।' कानूनी और संवैधानिक उल्लंघन इन सरकारी कर्मचारियों को सहायक कर्मचारी या चुनावी तैयारी के जिम्मेदार पदों पर लगाया गया है जो कि भारत निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित नियमों का सीधा उल्लंघन है, सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल की सदस्यता या प्रचार कार्य में भाग नहीं ले सकता।' चुनाव प्रक्रिया में शामिल किसी भी व्यक्ति का आचरण पूरी तरह निष्पक्ष रहना चाहिए।' सेवा दल का कहना है कि इन नियमों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है — और स्थानीय प्रशासन तथा चुनाव आयोग के कुछ अधिकारी भाजपा के दबाव में कार्य कर रहे हैं।

**कांग्रेस सेवा दल का सीधा आरोप**- भाजपा और चुनाव आयोग का स्थानीय गठबंधन लोकतंत्र के माथे पर कलंक बन चुका है।' जब सरकारी कर्मचारी भाजपा के बूथ एजेंट की तरह काम करें, तो मतपेटी का फैसला पहले ही लिखा जा चुका होता है।

## 69वीं राष्ट्रीय शालेय एथेलेटिक्स एवं शूटिंग प्रतियोगिता की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बैठक आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय एथेलेटिक्स एवं शूटिंग प्रतियोगिता की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बैठक 13 नवम्बर को कार्यालय कलेक्टर के सभागृह में आयोजित की जाएगी। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग द्वारा बताया गया कि 69वीं राष्ट्रीय शालेय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे। शूटिंग प्रतियोगिता में 17 वर्ष के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 01 से 09 दिसम्बर तक सम्पन्न होगी। उक्त प्रतियोगिता में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त ईकाइयों के लगभग 2200 प्रतिभागियों की सहभागिता संभावित है।

## चॉकलेट और खिलौने बनाने की फैक्ट्री को पहली बार देखकर रोमांचित और उत्साहित हुए 150 से अधिक स्कूली बच्चे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर की फैक्ट्री में बने खिलौने और चॉकलेट - टॉफ़ी अब विदेशों में भी पसंद किए जा रहे हैं। शहर के एक स्कूल के 150 से अधिक बच्चों ने बुधवार को महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की सखियों के साथ 'लव यू जिन्दगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में नेमावर रोड, उद्योग नगर पालदा स्थित होप्पिंस केंडी एंड टॉय फैक्ट्री, बर्फानी कन्विनेंट स्कूल के पास पहुंचकर बहुत दिलचस्पी के साथ चॉकलेट और खिलौने बनाने की प्रक्रिया को देखा, सुना, समझा और पहली बार बाल दिवस को इस अनूठे अंदाज में मनाया। फैक्ट्री की ओर से इन सभी बच्चों को उपहार के स्वरुप अनेक चॉकलेट, टॉफ़ी और खिलौने भी भेंट किए गए।



प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती संध्या मीरचंदानी ने बताया कि एसजीएम हाइट्स स्कूल के 150 से अधिक बच्चों ने 4 बसों में सवार होकर उक्त फैक्ट्री पहुंचकर बड़े कोतुहल और रोमांच के साथ पहली बार चॉकलेट, टॉफ़ी और खिलौनों को बनाने की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। जब उन्हें बताया गया कि इस फैक्ट्री के उत्पाद अब विदेशों में भी जा रहे हैं और पूरे देश में इन्हें पसंद किया जा रहा है तो बच्चों ने तालियाँ बजाकर अपनी खुशियाँ व्यक्त की। इस मौके पर बच्चों ने कारखाने में इन सभी उत्पादों के कच्चे माल, पैकिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और मशीनरी से लेकर उन सभी प्रक्रियाओं को भी बड़ी दिलचस्पी के साथ देखा और समझा जिनके माध्यम से इंदौर के ये उत्पाद आज दुनिया के अन्य देशों में भी धूम मचा रहे हैं। इस मौके पर श्रीमती संध्या मीरचंदानी के साथ एसजीएम स्कूल की श्रीमती स्वाति पांडे भी मौजूद रहीं, जिन्होंने बाल दिवस की पूर्व बेला में बच्चों को करियर काउन्सलिंग का पाठ भी सिखाया। करीब 3 घंटे की इस मुलाकात के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशियों और मस्ती के भाव तैर रहे थे।

## 400 के.वी. सबस्टेशन में घुसे तेंदुए को बहादुरी से पकड़ा ट्रांसको टीम की सतर्कता और साहस से टला बड़ा हादसा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के 400 के.वी. सबस्टेशन, इंदौर में गत दिवस अर्धरात्रि के समय अचानक एक तेंदुआ घुस आया। इस आकस्मिक और जोखिमपूर्ण स्थिति में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने अदम्य साहस, सतर्कता और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटना को टाल दिया। वन विभाग की सहायता से तेंदुए को सकुशल पकड़वाने में सफलता प्राप्त की। ड्यूटी पर तैनात आउटसोर्स सिक्योरिटी गार्ड कृष्णा बघेला, सूरज मोहनिया तथा मेंटेनेंस टीम के सदस्य श्रीराम अभिलाष ने यार्ड क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी को देखकर तत्काल सबस्टेशन की ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस टीम को सूचित किया।

# सम्पादकीय

## जब बिहार की महिलाओं ने संभाली लोकतंत्र की कमान, समाज को दी नई दिशा

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार रिकॉर्ड महिला मतदान दर्ज हुआ। पुरुषों से अधिक मतदान कर महिलाओं ने न केवल लोकतंत्र में अपनी सजगता दिखाई बल्कि सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण का नया संदेश भी दिया। बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ है। इसके साथ ही जो सुखद तस्वीर सामने आई, वह है लोकतंत्र के इस पर्व में महिला मतदाताओं की बढ़-चढ़ कर भागीदारी। यह न केवल महिलाओं की दृढ़ इ'छाशक्ति को दर्शाता है, बल्कि समाज में जागरूकता का संदेश भी देता है। रा'य की महिलाओं ने यह साबित कर दिया कि वे अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति सजग हैं। इसी का नतीजा है कि रा'य के अब तक के चुनावी इतिहास में इस बार महिलाएं मतदान में पुरुषों से कहीं आगे रहीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, पहले चरण में 61.56 फीसद पुरुषों के मुकाबले 69.04 फीसद महिलाओं ने मतदान किया। यह सिलसिला दूसरे चरण में भी जारी रहा और 64.01 फीसद पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान 74.0× फीसद रहा। यह परिदृश्य राजनीति और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त होती भूमिका को रेखांकित करता है। बिहार में महिलाएं कई स्तरों पर जागरूक हुई हैं। उनका दायरा अब घरों तक सीमित नहीं है। मतदान के प्रति महिलाओं का बढ़ता उत्साह इस बात का प्रमाण है कि वे देश और रा'य की समस्याओं से अवगत हैं और उन्हें दूर करने में वे अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहती हैं। महिलाओं में आई इस सजगता को इस रूप में भी महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है कि वे अपने मत की अहमियत को जानने एवं समझाने लगी हैं। हालांकि महिलाओं का मतदान फीसद बढ़ने के पीछे पुरुषों का रोजगार के लिए दूसरे रा'य में पलायन भी एक कारक हो सकता है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार चुनने के निर्णय में महिलाएं बराबर की भागीदार बनना चाहती हैं। बिहार की महिलाओं ने इस बार मतदान में बढ़चढ़कर भाग लेकर जो मिसाले पेश की है, वह पूरे देश के लिए एक बड़ा संदेश है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मोर्चे पर भी महिलाएं अपना कौशल दिखाना चाहती हैं। उनकी इस इ'छाशक्ति को समझने और सम्मान देने की जरूरत है।

# बिगड़ैल ट्रेफिक, जनजागरूकता ही परिवर्तन की पहली सीढ़ी



एक सजग नागरिक और ट्रैफिक प्रहरी के नाते मैं ना तो सरकार के, न किसी संस्था के, न ही किसी व्यवस्था के पक्ष में लिखता हूं। मेरे लेखन का उद्देश्य सिर्फ जनजागरूकता है, क्योंकि जब जनता जागरूक होती है, तभी परिवर्तन की शुरुआत होती है। समाज में सुधार किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना से आता है। और यह चेतना तभी संभव है जब हम अपनी सुरक्षा, अपने कर्तव्यों और अपने आचरण के प्रति संवेदनशील बनें।

आज सड़कों पर बढ़ते हादसे केवल प्रशासनिक विफलता का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह हमारी सोच और व्यवहार का प्रतिबिंब भी हैं। हममें से अधिकतर लोग नियमों का पालन पुलिस के भय या दंड के डर से करते हैं , न कि आत्म-सुरक्षा के भाव से। यही सबसे बड़ी समस्या है। जब तक हम यह नहीं समझेंगे कि ट्रैफिक नियम हमारी रक्षा के लिए हैं, तब तक दुर्घटनाएं केवल आंकड़ों में नहीं, परिवारों के जीवन में भी दर्ज होती रहेंगी।

वास्तविक सुधार तब होगा, जब नियमों का पालन हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाएगा। जब हेलमेट पहनना मजबूरी नहीं, आदत बन जाएगा। जब सीट बेल्ट लगाना दिखावे के लिए नहीं, अपने परिवार की सुरक्षा के लिए होगा। जब हम यह मान लेंगे कि सड़क पर सिर्फ हमारी नहीं, दूसरों की भी जान की कीमत है।

दुर्भाग्य से आज नियमों का उल्लंघन एक सामान्य व्यवहार बन गया है। बिना हेलमेट दोपहिया चलाना, सिग्नल तोड़ना, गलत दिशा में वाहन ले जाना, शहर की सड़कों पर नशे में तीव्र गति से वाहन दौड़ाना, यह सब हमें असामान्य नहीं लगता। लेकिन एक छोटी-सी लापरवाही किसी की जिंदगी बदल देती है। हम यह भूल जाते हैं कि सड़क पर हर चूक किसी के घर में आंसुओं की लकीर छोड़ जाती है।

लोग कहते हैं, 'सड़क के गड्ढे तो ठीक नहीं हो रहे और नियम की बात की जा रही है।' या 'पुलिस का व्यवहार ठीक नहीं, तो नियम क्यों मानें?' यह तर्क सुनने में तो सही लगते हैं, पर सच यह है कि सड़क के गड्ढे और हमारी जिम्मेदारी दो अलग विषय हैं। गड्ढों को भरना प्रशासन का कार्य है, लेकिन नियमों का पालन करना हमारा। यदि कोई दूसरा अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा, तो इसका अर्थ यह नहीं कि हम भी अपनी जिम्मेदारी से भाग जाएं।

इसी तरह, कुछ लोग कहते हैं कि 'नेता के समर्थक सड़क पर गुंडागर्दी करते हैं और जनता को नियमों की नसीहत दी जाती है।' परंतु क्या हम अपने अनुशासन का स्तर दूसरों की गलतियों से तय करेंगे? नहीं। दूसरों की गलती हमारे लिए बहाना नहीं बन सकती। अगर कोई व्यवस्था या व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा, तो हमें उसे सुधारने की कोशिश करनी चाहिए, न कि स्वयं के गलत आचरण को उचित ठहराना चाहिए।

दरअसल, सड़क सुरक्षा और शासन की विफलता दो अलग विषय हैं, लेकिन दोनों समानांतर रूप से महत्वपूर्ण हैं। जो लोग प्रशासन, पुलिस या सरकार से जवाब मांग रहे हैं, वे भी समाज के हित में काम कर रहे हैं। और जो लोग जनता से नियमों का पालन करने का आग्रह कर रहे हैं, वे भी उतने ही जरूरी हैं। एक व्यवस्था पर सवाल उठाता है, दूसरा चेतना जगाता है, दोनों मिलकर ही सुरक्षित समाज का निर्माण करते हैं।

हमें यह समझना होगा कि सुधार एकतरफा नहीं हो सकता। अगर केवल सरकार पर निर्भर रहेंगे, तो परिवर्तन धीमा होगा। अगर केवल जनता पर छोड़ देंगे, तो दिशा खो जाएगी। लेकिन जब प्रशासन और नागरिक दोनों मिलकर काम करेंगे, तभी सड़कों पर सुरक्षा, अनुशासन और संवेदना का वातावरण बनेगा।

इसलिए, किसी को दोष देने से बेहतर है कि हम अपने हिस्से का कार्य ईमानदारी से करें। मैं न किसी सरकार का पक्षधर हूं, न किसी विचारधारा का प्रचारक। मैं सिर्फ इतना चाहता हूं कि लोग सोचें, समझें और जागें। क्योंकि जब जनता जागरूक होती है, तो नेता भी जवाबदेह बनते हैं, और व्यवस्था भी अपने आप सुधरती है। आइए, हम यह संकल्प लें कि नियमों का पालन भय से नहीं, अपनी सुरक्षा और समाज की भलाई के लिए करेंगे। यह जिम्मेदारी हमारे भीतर से निकले, बाहर से थोपी न जाए। अगर हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए, तो किसी अभियान या कानून की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। तब सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं रहेंगी, बल्कि संवेदनशील नागरिकता का प्रतीक बन जाएंगी।

सड़क सुरक्षा, अनुशासन और जनजागरूकता -यही वह तिकड़ी है जो हमें हादसों से बचा सकती है। इसलिए न किसी से विरोध की भावना रखिए, न अंध-समर्थन की। बस जागरूक रहिए, जिम्मेदार बनिए, और अपने आस-पास के लोगों को भी वही प्रेरणा दीजिए।



याद रखिए - व्यवस्था सुधरे या न सुधरे, पर यदि समाज जाग गया, तो बदलाव निश्चित है।

और यह बदलाव ही सच्ची जनजागरूकता की विजय है।

**- राजकुमार जैन,**
ट्रैफिक प्रहरी

# धीरेन्द्र शास्त्री की 'सनातन यात्रा' : धार्मिक-सांस्कृतिक आंदोलन या पुनर्जागरण का सामाजिक संदेश

भारत का इतिहास साक्षी है कि यह भूमि सदैव यात्राओं की रही है। यहां यात्राएँ केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि आत्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का माध्यम रही हैं। राम का वनगमन धर्म और मर्यादा के पालन की जीवंत प्रतिमा था; महात्मा बुद्ध की पदयात्राओं ने करुणा और संयम का बीज बोया; आदि शंकराचार्य का भारत भ्रमण अद्वैत दर्शन और राष्ट्रीय एकात्मता का सूत्रधार बना; और महात्मा गांधी का दांडी मार्च औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध जनचेतना का उद्घोष। इतिहास में दर्ज ये यात्रा-परंपरा समय-समय पर भारतीय समाज को नई दिशा देती आई है।इसी परंपरा की समकालीन कड़ी के रूप में बागेश्वर धाम सरकार के प्रमुख पूज्य पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा आरंभ की गई 'सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा' वर्तमान भारत की सांस्कृतिक चेतना का नया अध्याय बनती दिखाई दे रही है।

दिल्ली के प्राचीन आद्य कात्यायनी शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर वृंदावन के श्री बाँके बिहारी मंदिर तक पहुँचने वाली यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण सिद्ध हो रही है।इस यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट है-सनातनी समाज को जागृत और संगठित करना, भक्ति भाव जगाना और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना। बाबा बागेश्वर धाम के शब्दों में, 'हम सब उसी सनातन संस्कृति के अंग हैं, जिसके केंद्र में करुणा, सत्य और सेवा है। भेद केवल पंथ का है, धर्म का नहीं।' इस यात्रा का स्वर इस वाक्य में निहित है-धर्म को जोड़ने और जाग्रत करने का माध्यम बनाना।यह यात्रा प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं, संतों, युवाओं और परिवारों की सहभागिता से आगे बढ़ रही है।

इस यात्रा में भगवा पताकाओं की छटा, भजन-कीर्तन की गूंज और वैदिक मंत्रों की लयबद्ध स्वरधारा श्रद्धा और अनुशासन का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत कर रही है। मार्ग में स्थानीय समाजसेवक, स्वयंसेवी संगठन और ग्राम समितियाँ श्रद्धालुओं के लिए भोजन, चिकित्सा और आवास की व्यवस्था में स्वेच्छा से सहयोग कर रहे हैं। यह सहयोग इस यात्रा को सामाजिक सद्भाव और परस्पर सेवा का जीवंत प्रतीक बना रहा है, जहाँ जाति, वर्ग और क्षेत्रीय सीमाएँ अप्रासंगिक हो गई हैं। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भारतीय अवधारणा का जीवंत रूप है।यह यात्रा हमें स्मरण कराती है कि धर्म केवल अनुष्ठान या आचार नहीं, बल्कि समाज के भीतर सेवा, सद्भाव और सह-अस्तित्व की भावना है। दिल्ली से वृंदावन तक का मार्ग



आधुनिकता और अध्यात्म, प्रौद्योगिकी और परंपरा, प्रगति और संस्कृति के समन्वय को दर्शाता है। वास्तव में यही सनातन संस्कृति की आत्मा है- नवीनता में निहित प्राचीनता।कुछ आलोचक इस यात्रा को प्रचार का माध्यम बता सकते हैं, किंतु वस्तुतः इसका प्रभाव इससे कहीं व्यापक है। यह यात्रा यह संदेश देती है कि जब धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तभी वह लोकधर्म बनता है। जब वह सेवा और समरसता का साधन बनता है, तभी वह समाज के उत्थान की शक्ति बनता है। श्री धीरेन्द्र शास्त्री की पहल इस तथ्य को पुनः प्रतिपादित करती है कि सनातन धर्म किसी एक वर्ग या समूह का नहीं, बल्कि सबका धर्म है-जो स्वीकृति, करुणा और सहअस्तित्व पर आधारित है।

**निष्कर्षतः** 'सनातन यात्रा' केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि समाज के अंतर्मन में सोई हुई आत्मचेतना को जगाने का एक संगठित प्रयास है। यह यात्रा हमें स्मरण कराती है कि सनातन धर्म एक जीवन-दर्शन है- 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की साकार व्याख्या। इस यात्रा में धर्म जोड़ने की शक्ति , संस्कृति जीवन का उत्सव, और समाज सामूहिक चेतना के मार्ग पर अग्रसर होता दिख रहा है। यह यात्रा इस बात का सशक्त प्रमाण है कि भारत की आत्मा अब भी अपनी जड़ों और अपने मूल्यबोध की ओर लौटने के लिए तत्पर है-एकता और आध्यात्मिकता के मार्ग पर। मैं तो श्री धीरेन्द्र शास्त्री को इस हिन्दू जागरण यात्रा के लिए नमन करता हूं।



लेखक:**डा.मनमोहन प्रकाश,** स्वतंत्र पत्रकार

# आंचलिक

## जल प्रबंधन मॉडल बना खरगोन, 18 नवंबर को राष्ट्रपति देंगी राष्ट्रीय जल पुरस्कार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● प्रदेश का खरगोन जिला अब देशभर में जल संरक्षण का आदर्श मॉडल बन गया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जिले को 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में पश्चिम क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ जिले के रूप में चुना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में यह सम्मान कलेक्टर भव्या मित्तल को प्रदान करेंगी। जिले में बीते वर्षों में नर्मदा, नानी, वंशावली और बोराड़ नदियों के पुनर्जीवन सहित 4.21 लाख से अधिक जल संरचनाएं तैयार की गईं, जिनसे 2.31 करोड़ घनमीटर जल भंडारण क्षमता विकसित हुई। कुंदा नदी क्षेत्र से 627 अतिक्रमण हटाकर 106 एकड़ में निधिवन बनाया गया। जिले में 156 अमृत सरोवर, 45 बावड़ियों का पुनरुद्धार, 48,975 हेक्टेयर में सूक्ष्म सिंचाई और 30 लाख पौधारोपण हुआ। इन प्रयासों में पूर्व कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, सीईओ आकाश सिंह और वर्तमान कलेक्टर भव्या मित्तल की अहम भूमिका रही।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- खरगोन ने जल संरक्षण के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, वे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने खंडवा जिले की कावेश्वर ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत श्रेणी में राष्ट्रीय जल पुरस्कार में दूसरा स्थान मिलने पर भी बधाई दी। केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार, जिले की सालाना पुनर्भरण क्षमता 1 अरब 5 करोड़ 98 लाख घनमीटर (1059.8 एमसीएम) है। इसमें से कृषि उपयोग 4.14 करोड़ घनमीटर और घरेलू उपयोग 42,935 घनमीटर है। वर्तमान में कुल दोहन क्षमता का लगभग 77.5% हो चुका है। इसी दबाव को संतुलित करने के लिए प्रशासन ने बड़े पैमाने पर स्टॉप डैम, चेक डैम और अमृत सरोवर तैयार किए हैं, ताकि भूजल स्तर स्थिर रह सके और जल स्त्रोतों में निरंतरता बनी रहे।

## कपड़ा व्यापारी से लूट, खुद को 'पुलिसवाला' बता दो बदमाशों ने पीटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ●खंडवा में बुधवार को एक कपड़ा व्यापारी के साथ दिनदहाड़े लूट की वारदात हो गई। घटना इंदौर रोड़, मुख्य मार्ग पर जैन नर्सिंग होम के पास पुलिस क्वार्टर के सामने हुई। दो बाइक सवार बदमाश आए और उन्होंने पहले तो पुलिस वाला बताया और व्यापारी की बाइक रोक ली। फिर व्यापारी की कनपटी पर कट्टा तान दिया और मारपीट कर सोने की चेन और अंगूठी लूटकर ले गए। कपड़ा व्यापारी हशमत गुरबानी के साथ वारदात हुई है, वे भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष गणेश गुरबानी के भाई हैं। वारदात की जानकारी मिलने के बाद भाजपा नेता और पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी मनोज कुमार राय, एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर भी घटनास्थल पर पहुंचे। सीएसपी अभिनव बारंगे के नेतृत्व में थाना पदमनगर टीआई प्रवीण आर्य और टीम ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। वहीं एसपी मनोज कुमार राय ने पीड़ित व्यापारी से पुलिस थाने पर चर्चा की। व्यापारी हशमत गुरबानी ने बताया कि वे घर से अपनी कपड़ा दुकान पर टिफिन लेकर जा रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवार उनकी स्कूटी के आगे आए और कहा कि हम पुलिस वाले हैं, तुझे इतनी देर से रोक रहे हैं, तू रुका नहीं। फिर वे लोग गाली-गलौज करने लग गए। पीछे बैठे दूसरे बदमाश ने कट्टा निकाला और अड़ा दिया।

## चौथी मंजिल से गिरी छात्रा, मां बोली- हत्या हुई हॉस्टल वार्डन और उसकी बेटी पर लगाए आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● आठ दिन इलाज के बाद छात्रा ने दम तोड़ दिया। उसका एग्जाम था, एक दिन पहले ही उसे हॉस्टल छोड़कर आए थे। अगले दिन खबर मिली कि वो हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गई है। बेटी को होश आया तो उसने इलाज के दौरान बताया कि उसे धक्का देकर गिराया है। हॉस्टल वार्डन की बेटी प्राची टॉर्चर करती थी। ये आरोप है, उस मां का जिन्होंने अपनी 15 साल की बेटी को खो दिया। मामला रजूर गांव के माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर का है। जहां 1 नवंबर के दिन 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा पूजा किराड़े खंडवा के आदिवासी हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गई थी।

खंडवा जिला अस्पताल, फिर इंदौर के निजी अस्पताल में 8 दिन इलाज चला। 9 नवंबर को छात्रा ने दम तोड़ दिया। इधर,



परिजन ने कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक व सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण के नाम ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। पिता सुंदर सिंह ने कहा कि बेटी शरीर पर भी चोट के निशान मिले हैं। मामले में उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं, हॉस्टल वार्डन का कहना है कि छात्रा पर भूत-प्रेत का साया था।

पूजा की बड़ी बहन अर्चना ने बताया, इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मैं पूजा के साथ थी। पूजा हमसे बात कर रही थी, वहां पर हॉस्टल वार्डन कोकिला बौरासी भी थी। लेकिन पूजा उसकी तरफ देखना भी पसंद नहीं कर रही थी। वो बोल रही थी कि मुझे हॉस्टल वाली मैडम से बात नहीं करना है। जब पूजा होश में थी, तब उसने मुझसे कहा कि मैं खुद नहीं गिरी, मुझे किसी ने धक्का देकर गिराया है। फिर उसे नींद लग गई। वार्डन की बेटी प्राची भी 9 नवंबर को अस्पताल पहुंची थी। वो पूजा से अकेले में बात करने का बोल रही थी, लेकिन हम लोग वहीं खड़े रहे। उसी दिन पूजा की मौत हो गई। वार्डन और उसकी बेटी पूजा को प्रताड़ित करते थे। हमें तो पूरा संदेह है कि वार्डन और उसकी बेटी ने ही पूजा के साथ कुछ गलत किया है।

## पीपराड़ में डायरिया से 100 से अधिक लोग बीमार, स्वास्थ्य टीम ने पानी के सैंपल लिए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के पीपराड़ गांव में पिछले तीन दिनों में 100 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। उन्हें पेट दर्द और डायरिया की शिकायत है। मंगलवार को ज्यादा लोग बीमार होने की जानकारी मिलने पर बुधवार को जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। भिकनगांव की एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.एस. चौहान, पीएचई ईई राहुल सूर्यवंशी और जनपद अधिकारी नीलेश सोलंकी ने गांव का दौरा कर लोगों की स्थिति का जायजा लिया।

### बिना फिल्टर पानी की आपूर्ति हो रही

जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी की सप्लाई होती है। अधिकारियों को आशंका है कि ग्राम पंचायत द्वारा बिना फिल्टर किए पानी की आपूर्ति की जा रही थी, जिससे पानी दूषित हुआ। टीम ने पानी के स्त्रोतों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। स्वास्थ्य टीम ने बीमार लोगों का परीक्षण कर प्राथमिक उपचार दिया और दवाइयां वितरित कीं। ग्रामीणों को पानी उबालकर या फिल्टर करके पीने की सलाह दी गई। सीएमएचओ डॉ. डी.एस. चौहान ने बताया कि फिलहाल 30 से 40 लोग बीमार हैं, लेकिन कोई गंभीर स्थिति में नहीं है।

## महिला की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● लालबाग रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर लालबाग थाना प्रभारी अमित सिंह जादौन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी अमित सिंह जादौन ने परिजनों को समझाते हुए बताया कि महिला का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीआई जादौन ने जानकारी दी कि मंगलवार शाम हकीमी अस्पताल से उन्हें एक महिला की उपचार के दौरान मौत की सूचना मिली थी। परिजनों ने इस मामले में संदेह व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि महिला का पोस्टमॉर्टम एक पैनल



द्वारा किया जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मृतका के परिवार के सदस्य आकाश ने बताया कि उनकी रिश्तेदार वैष्णवी को गर्भाशय के ऑपरेशन के लिए सुबह आठ बजे हकीमी अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने दोपहर दो बजे ऑपरेशन शुरू किया, जिसके बाद उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। शाम 6 बजे उन्हें बताया गया कि वैष्णवी की मौत हो गई है। आकाश ने इसे डॉक्टरों की लापरवाही बताते हुए अस्पताल को सील करने की मांग की। इस दौरान मौजूद लोगों ने नारेबाजी भी की।

## कंटेनर की टक्कर से किशोर की मौत, सिर पर से गुजरा पहिया, दो बाल-बाल बचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बड़ा हादसा हुआ। सामने से आ रहे कंटेनर ने बाइक सवार तीन किशोरों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 16 वर्षीय आशुतोष पिता सोहनलाल, निवासी शिव कॉलोनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य किशोर बाल-बाल बच गए। कंटेनर की टक्कर इतनी तेज थी कि उसका अगला पहिया आशुतोष के सिर पर चढ़ गया। पीछे बैठे आयुष जायसवाल (नारायण नगर) और हर्षित शिंदे (तुलसी मॉल के सामने) को चोट नहीं आई, लेकिन वे हादसे के बाद सदमे में थे और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं थे।

जानकारी के अनुसार, तीनों किशोर बुरहानपुर से ठाठर बलड़ी खामला पिकनिक स्पॉट घूमने गए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे लौटते समय निंबोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी।

निंबोला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कंटेनर (RJ 09 GC 1049) को जब्त कर लिया। प्रधान आरक्षक गगन वाणे के अनुसार, कंटेनर बुरहानपुर से इंदौर की ओर जा रहा था।स्थानीय लोगों ने बताया कि इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर झिरी तक सड़क पर गड्ढे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं।

## उपयंत्री पर ठेकेदार से रिश्वत मांगने का आरोप, लोकायुक्त में केस दर्ज हुआ तो बोले- मुझे परेशान किया जा रहा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ●नेपानगर नगर पालिका परिषद के उपयंत्री प्रकाश बडवाहे के खिलाफ लोकायुक्त इंदौर ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उन पर एक ठेकेदार से सार्वजनिक शौचालय निर्माण के बिल भुगतान के बदले 12,000 रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। यह कार्रवाई आवेदक विकास कापडे की शिकायत पर की गई है। विकास कापडे अपने साथी विजय निम्बोले के साथ ठेकेदारी का काम करते हैं। विजय निम्बोले ने वर्ष 2023 में नेपानगर के वार्ड क्रमांक-04 स्थित संड़े मार्केट में 4.5 लाख रुपए की लागत से एक सार्वजनिक शौचालय के निर्माण का ठेका लिया था। नगर पालिका परिषद ने ठेके के कुल 4.5 लाख रुपए में से ठेकेदार विजय निम्बोले को 3 लाख रुपए का भुगतान कर दिया था। आरोप है कि उपयंत्री प्रकाश बडवाहे ने इसी भुगतान में से आवेदक विकास कापडे से 4 प्रतिशत कमीशन के तौर पर 12,000 रुपए की रिश्वत की मांग की। उन्होंने शेष बिल का भुगतान रिश्वत मिलने के बाद ही करने की बात कही थी। विकास कापडे ने अपने साथी ठेकेदार विजय निम्बोले की सहमति से पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय, लोकायुक्त इंदौर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए जाने के बाद, आरोपी प्रकाश बडवाहे के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधित अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत अपराध पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज में सबसे अधिक रनों का रिकार्ड है रोहित के नाम



**कोलकाता (एजेंसी)** • भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज में दोनो ही टीमों की नजरें जीत दर्ज करने पर रहेंगी। अभी तक के रिकार्ड को देखें तो दोनो के बीच कुल 44 मैच खेले गए हैं जिसमें अब तक सबसे अधिक 500 रनों का रिकार्ड रोहित शर्मा का है, अब देखना है कि इस सीरीज में कौन रोहित के रिकार्ड को तोड़ पाता है। रोहित ने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई घरेलू सीरीज में ये रिकार्ड बनाया था। इस पूरी सीरीज में रोहित ने तीन मुकाबलों की चार पारियों में 132.25 के औसत से 529 रन बनाए थे। इस सीरीज में रोहित ने चार पारियों में 3 शतक लगाए थे। सीरीज का पहला मैच विशाखापत्तनम में खेला गया था। जिसमें रोहित ने पहली पारी में 244 गेंदों पर 6 छक्कों और 23 चौकों के साथ 176 रन बनाए। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 149 गेंदों में 127 रन बनाए। अगला मुकाबला पुणे में खेला गया, जिसमें रोहित ने 35 गेंदों में 1 चौके के साथ 14 रन बनाए। कप्तान विराट कोहली 254 और मयंक अग्रवाल 108 की शानदार पारियों से भारतीय टीम ने ये मुकाबला जीता था।सीरीज का तीसरा मुकाबला रांची में खेला गया। इस मुकाबले में रोहित ने पहली पारी में बतौर सलामी बल्लेबाज 212 रन बनाए थे। इस मैच को भारतीय टीम ने पारी और 202 रन से जीतकर सीरीज अपने नाम की थी। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है अब देखना है कि कौन सा खिलाड़ी सबसे अधिक रनों का उनका रिकार्ड तोड़ पाता है।

# फिल्म '120 बहादुर' को लेकर फरहान चर्चाओं में

**मुंबई (एजेंसी)** • फिल्म 120 बहादुर को लेकर निर्माता फरहान अख्तर चर्चा में हैं। शो आप की अदालत में पहुंचे फरहान ने फिल्म से जुड़े विवादों पर खुलकर बात की। यह फिल्म 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान लड़ी गई रेजांग ला की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है। इस युद्ध में भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजीमेंट की अहीर कंपनी ने असाधारण साहस दिखाया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या फिल्म का फोकस सिर्फ मेजर शैतान सिंह भाटी पर है और बाकी 120 बहादुर सैनिकों की कहानी को नज़रअंदाज़ किया गया है, तो फरहान ने बड़ी



स्पष्टता से जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'अगर मैं सिर्फ मेजर शैतान सिंह पर फिल्म बनाना चाहता, तो इसका नाम शैतान सिंह रख देता। लेकिन इस फिल्म का नाम 120 बहादुर इसलिए रखा गया है, क्योंकि यह पूरी कंपनी की वीरता और सामूहिक बलिदान की कहानी है।' फरहान ने कहा कि यह फिल्म किसी एक हीरो की बायोपिक नहीं है, बल्कि यह उन सभी जवानों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने बताया कि फिल्म में एक डायलॉग है जो सैनिकों की भावना को गहराई से व्यक्त करता है 'अहिर हैं हम, प्यार से मांगोगे तो जान भी दे देंगे, लेकिन देश पर बात आई तो एक तो क्या, सौ की जान ले भी लेंगे।'

## लौरा वोल्वाड्ट आईसीसी वूमन प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई (एजेंसी)** • आईसीसी ने अक्तूबर, 2025 के लिए पुरुष और महिला वर्ग के श्रेष्ठ खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी है। इस बार दोनों ही वर्ग के पुरस्कार दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को मिला है। महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्ट ने अक्तूबर महीने के श्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता है, जबकि पुरुष वर्ग का पुरस्कार लेग स्पिनर सेनुरन मुथुसामी को दिया गया है। लौरा वोल्वाड्ट का महिला विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन रहा। अपनी दमदार बल्लेबाजी के दम पर वो दक्षिण अफ्रीका को पहली बार वनडे विश्व कप के फाइनल में लेकर आई थीं। अक्तूबर महीने में वोल्वाड्ट ने कुल 8 मैचों में 1 शतक और 3 अर्द्धशतक लगाते हुए 470 रन बनाए थे। इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में खेली गई 169 रन की यादगार पारी भी शामिल है। इसी प्रदर्शन के दम पर वोल्वाड्ट को अक्तूबर महीने का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वोल्वाड्ट ने इस पुरस्कार के दौर में शामिल भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को पछाड़ा।



## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में बुमराह के खेलने पर संशय

**कोलकाता (एजेंसी)** • भारतीय टीम को यहां ईडन गार्डन में गुरुवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरना पड़ सकता है। इसका कारण है कि बुमराह साल 2025 की शुरुआत में लगी चोट से अब तक नहीं उबरे हैं और



इसी कारण वह अभ्यास सत्र भी बीच में ही छोड़कर चले गये थे। ऐसे में उनकी फिटनेस पर संशय बना हुआ है।

अभ्यास सत्र में, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, वाशिंगटन सुंदर और नितीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं अभ्यास सत्र के दौरान बुमराह के घुटने पर पट्टी बंधी दिखी। बुमराह ने धीमी शुरुआत की और आधे घंटे तक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने छोटा रन-अप किया और ड्रेसिंग रूम लौट गए।

वहीं अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ ही सहयोगी स्टाफ में शामिल सीतांशु कोटक और मोर्ने मोर्कल भी थे। पहले टेस्ट में भारतीय टीम तीसरे नंबर पर किसे उतारती है ये देखना होगा। इस नंबर के लिए साई सुदर्शन के साथ ही ध्रुव जुरेल भी कतार में हैं। शुभम गिल, यशस्वी जायसवाल और सुदर्शन ने नेट पर लंबे समय से अभ्यास किया। जिससे अंदाजा होता है कि उन्हें शामिल किया जा सकता है।

## हॉलीवुड में अपनी आवाज का जादू बिखेरेगी श्रद्धा

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अब हॉलीवुड में भी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि वे डिज्नी की मशहूर एनिमेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' में मुख्य किरदार जूडी हॉप्स को हिंदी में अपनी आवाज देंगी। श्रद्धा कपूर ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह जूडी हॉप्स के साथ बैठी दिखाई दे रही हैं। श्रद्धा ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ''जूटोपिया 2' परिवार में शामिल होकर और जूडी हॉप्स की आवाज देने के लिए बहुत खुश हूं। वह बहादुर, निडर, उत्साही और बेहद प्यारी है। मैं उसे बचपन से पसंद करती हूं। आज आपके लिए एक खास सरप्राइज भी आने वाला है, जुड़े रहिए।' उनकी इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर फैंस बेहद उत्साहित हैं। कई यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा कि श्रद्धा इस किरदार के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं और उनकी आवाज फिल्म को नया जीवन देगी। 'जूटोपिया' 2016 में रिलीज हुई डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म थी, जिसमें एक खरगोश पुलिस अधिकारी जूडी हॉप्स और एक चालाक लोमड़ी निक वाइल्ड मिलकर शहर में फैले रहस्यमय षड्यंत्र का पर्दाफाश करते हैं।



# उज्जैन संभाग

## 5 क्विंटल अमानक पॉलीथिन जब्त, निगम ने बड़ी कार्रवाई की, तीन व्यापारियों ने मंगाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • नगर निगम ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट से 5 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलिथीन को जब्त किया है। निगम के अधिकारियों को मुखबिर से मिली सूचना के बाद सुबह कार्रवाई की गई है। शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग और उसका क्रय-विक्रय दोनों पर प्रतिबंध लगने के बाद भी कुछ लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। नगर निगम के उपायुक्त संजेश गुप्ता ने बताया कि निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्र के आदेश पर एक बार फिर कार्रवाई की गई है। मुखबिर



से सुचना मिली थी दूध तलाई स्थित परफेक्ट ट्रांसपोर्ट पर बड़ी मात्रा में अमानक पॉलिथीन पहुंची है। निगम के अधिकारियो ने सुबह कार्रवाई की तो करीब 5 क्विंटल पॉलीथिन ट्रांसपोर्ट से जब्त की गई है। बताया गया कि उज्जैन के तीन व्यापारियों ने इंदौर से प्रतिबंधित पॉलीथिन मंगाई थी। संजेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी। पता लगा रहे है की पॉलिथिन किसके यहां से आई थी और कहां जानी थी, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में चलेगी 100 ई-बस, वर्कशॉप की जमीन पर बनना है डिपो व चार्जिंग स्टेशन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत केंद्रीय शहरी कार्य मंत्रालय ने उज्जैन शहर को 100 ई-बस की मंजूरी दी है। योजना की घोषणा 16 अगस्त 2023 में हुई थी, ऐसे मे दो साल बीत जाने के चलते नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने उज्जैन नगर निगम को इन ई-बसों के लिए डिपो और चार्जिंग पाइंट से जुड़े कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए हैं। निगम ने पिछले डेढ़ सालों में 2 से 3 जगहों पर विचार करने के बाद डिपो और चार्जिंग पाइंट के लिए मक्सी रोड स्थित वर्कशॉप की भूमि का चयन किया है।



5 एकड़ भूमि के वर्कशॉप में अभी पुरानी बसों की पार्किंग सहित सिटी बस का ऑफिस है। वर्कशॉप और ई-चार्जिंग का बजट करीब 13 करोड़ रखा है, लेकिन फिलहाल इस भूमि का मालिकाना अधिकार निगम के पास नहीं है। शासन द्वारा यह भूमि किसी और विभाग को दी थी, जिस पर निगम का केवल कब्जा है। ऐसे में बस डिपो और ई-चार्जिंग पाइंट बनाने के लिए निगम द्वारा शासन से इस भूमि की मांग की गई है, फिलहाल अब तक कोई जबाव नहीं मिला है। केंद्र सरकार से मिल रही इन बसों का टेंडर दिल्ली की ग्रीन सेल ग्रीनसेल मोबिलिटी कंपनी को दिया है, जो शहर में ई-बस उपलब्ध करवाएंगी। वहीं बस डिपो में बस टर्मिनल, बस स्टॉप सहित अन्य निर्माण होंगे, इसका टेंडर होकर तकनीकी बीट खोली है, जिसमें 2 कंपनियां आई हैं। वहीं चार्जिंग पाइंट के लिए इलेक्ट्रिक के लिए टेंडर होकर तकनीकी बीट खोलने पर 3 कंपनियां आई है।

अभी रूट वही, पॉलिसी में 25 किलोमीटर का दायरा बढ़ाने पर विचार शामिल निगम अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह ने बताया भूमि की मांग रख दी है। सिविल और इलेक्ट्रिकल का टेंडर किए हैं। जैसे ही जमीन मिलेगी काम शुरू कर देंगे। चार्जिंग तो बस संचालक करेगा, हम बिजली कनेक्शन देंगे। बसों के संचालन के लिए केंद्र सरकार से 22 रुपए और राज्य सरकार से 7 या 8 रुपए मिलेंगे। इसके अलावा जो खर्च रहेगा, उसे बस संचालक के साथ व्यवस्था की जाएगी। बस संचालन के लिए फिलहाल पुराने रूट ही रखा है। साथ ही जब बस का संचालन शुरू होगा, तब एक और बार रूट तय कर लेंगे। बाकी पॉलिसी में 25 किमी का दायरा बढ़ाने का विचार शामिल है। ई-बस के आने पर उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज भी सम्मिलित हो जाएगी।

## सिंहस्थ में संवेदनशील घाटों पर 2730 जवान 3 शिफ्ट में तैनात होंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सिंहस्थ में शिप्रा के सात किमी के संवेदनशील घाटों पर 2730 जवान तीन शिफ्ट में तैनात किए जाएंगे। ये जानकारी मंगलवार को जिला कमांडेंट होमगार्ड ने सिंहस्थ की समीक्षा बैठक में दी। मेला अधिकारी आशीष सिंह द्वारा ली जा रही बैठक में जिला कमांडेंट होमगार्ड ने ये जानकारी भी दी कि सिंहस्थ में 6510 होमगार्ड तैराक, 1700 होमगार्ड जवान मजिस्ट्रेट व?यवस?था, 1000 होमगार्ड जवान प्रशासनिक ट्रैफिक व्यवस्था और 790 होमगार्ड जवान क्यूआरटी रिजर्व में तैनात किए जाना प्रस्तावित हैं। इसके अलावा सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की अस्थाई भर्ती भी की जाना है। मेला अधिकारी सिंह ने घाटों पर फ्लोटिंग बैरिकेड्स की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सिंहस्थ के पहले होमगार्ड जवानों को प्रशि?क्षण देने को भी कहा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैराजों का कार्य करीब 57 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। नए 29 किमी के घाटों में से 18 किमी के क्षेत्र में खुदाई का कार्य चल रहा है। साथ ही रिटेनिंग वॉल का निर्माण भी करवाया जा रहा है।

## सांसद ने जनजातीय गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय अंचलों में होगा भ्रमण



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • जिला पंचायत परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया ने जनजातीय गौरव रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जनजातीय अंचलों में भ्रमण कर भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और संघर्षों का प्रचार-प्रसार करेगा।

रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों, उनके संघर्षों, जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से जनजातीय गौरव और पहचान को बढ़ावा दिया जाएगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बच्चों द्वारा आकर्षक जनजातीय लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। इन मनमोहक प्रस्तुतियों में जनजातीय संस्कृति, परंपरा और गौरव की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' और 'आदि कर्मयोगी अभियान' की जानकारी भी दी गई। 'धरती आबा' अभियान का लक्ष्य जनजातीय गांवों का सर्वांगीण विकास करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका के क्षेत्रों में प्रगति करना है।

वहीं, 'आदि कर्मयोगी' अभियान जनजातीय युवाओं को आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और सामाजिक नेतृत्व के लिए प्रेरित कर रहा है। समारोह का समापन जनजातीय एकता, गौरव और भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

## एसपी के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर ठगी की कोशिश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन में साइबर ठगों ने एसपी प्रदीप शर्मा के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास किया। बदमाशों ने उस अकाउंट से टीवी, सोफा सेट और फर्नीचर बेचने की पोस्ट डाली। इतना ही नहीं, उन्होंने एसपी प्रदीप शर्मा की फोटो लगे वॉट्सऐप नंबर से कई लोगों को संदेश भी भेजे। इन मैसेज में लिखा था कि, 'सीआरपीएफ में तैनात दोस्त का ट्रांसफर हो गया है, इसलिए उसका घरेलू सामान 75 हजार रुपए में बेच रहा हूं।'

सूत्रों के अनुसार, यह फर्जी अकाउंट 10 अक्टूबर को बनाया गया था। इसके बाद उज्जैन के कई लोगों को फेसबुक और वॉट्सऐप के जरिए मैसेज भेजे गए। ठगों ने टीवी, सोफा और अन्य घरेलू सामान की तस्वीरें भेजकर लोगों को सस्ते दामों में खरीदने का लालच दिया।

फर्जी अकाउंट से भेजे गए मैसेज में मोबाइल नंबर दर्ज था, जो संतोष कुमार के नाम से चल रहा बताया जा रहा है। इस नंबर से सचिन नामदेव, गोपाल परमार, अंकित गौर, मनीषा शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को संदेश भेजे गए।

अच्छी बात यह रही कि किसी ने भी ठगों को पैसे नहीं भेजे। सभी लोगों ने समय रहते ठगी की कोशिश समझ ली और उस फर्जी नंबर को ब्लॉक कर दिया। मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि, 'मेरे नाम से सोशल मीडिया पर बनाए गए किसी भी अकाउंट या नंबर पर विश्वास न करें। ऐसे किसी भी व्यक्ति से सावधान रहें जो लालच देकर ठगी की कोशिश कर रहा हो।'

# शहर में एसआईआर के फार्म 20 फीसदी ही बंटे एसडीएम से लेकर बीएलओ तक सभी दबाव में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारत निर्वाचन आयोग ने आनन-फानन में स्ङ्कक्र (स्पेशल इंटेंसिव रीविजन- विशेष गहन पुनरीक्षण) के आदेश दिए थे। वहीं अब इससे पूरे मध्य प्रदेश में हड़कंप की स्थिति है। फार्म यानी प्रपत्र छापने के लिए इंदौर के इकलौते ठेकेदार के पास काम है।



फार्म छपकर ही नहीं मिले। इसके चलते फार्म मतदाताओं तक बंटे ही नहीं। उधर, चुनाव आयोग लगातार मॉनिटरिंग कर हिसाब मांग रहा है। इंदौर में 28 लाख मतदाता हैं। वहीं, हर मतदाता को दो कॉपी मिलना है। ऐसे में 56 लाख से ज्यादा फार्म का वितरण मतदाताओं को होना है।

ऊपर से नीचे तक पहुंचा दबाव

हालत यह है कि अब सभी एक दूसरे पर दबाव बना रहे हैं। इसमें आयोग का कलेक्टर पर, कलेक्टर का चुनाव अधिकारी अपर कलेक्टर पर और अपर कलेक्टर काम के लिए लगातार एसडीएम को निर्देश दे रहे हैं। उधर, एसडीएम भी बीएलओ से पल-पल का हिसाब मांग रहे हैं। वहीं, बीएलओ के पास फार्म तो पहुंचे तभी तो वह मतदाता के पास जाएंगे।

वहीं बीएलओ की भी मैदानी समस्या है कि कई बार चक्कर के बाद भी मतदाता नहीं मिलते हैं। अधिकांश सुबह या फिर रात को मिलते हैं। वहीं अधिकांश बीएलओ महिलाएं हैं जो रात को काम करने की स्थिति में नहीं हैं।

### समस्या की जड़ सिंगल वेंडर

पूरी समस्या की जड़ चुनाव आयोग के जरिए सिंगल वेंडर करना और अचानक स्ङ्कक्र लागू करना रही है। प्रपत्र जो छपकर 4 नवंबर के पहले बीएलओ को मिलना थे। एक दिन पहले ही करीब 90 फीसदी फार्म छपकर मिले हैं। जो अब बीएलओ को दिए जा रहे हैं। बीएलओ इन्हें क्रम से जमाएगा और फिर मतदाताओं के पास लेकर जाएगा। बीएलओ दिन-रात लगे हुए हैं। वहीं, उन्होंने जिले में 20 फीसदी फार्म मतदाताओं को पहुंचा दिए हैं। वहीं, आयोग को अभी तक 50 फीसदी से ज्यादा काम चाहिए, जो फार्म की लेटलतीफी के कारण हुआ ही नहीं है। आयोग में कोई सुनने को तैयार नहीं कि सबकुछ उनके ही वेंडर के जरिए फार्म नहीं देने के चलते हुआ है।

### इंदौर तो ठीक, बाकी जिलों में तो हालत बेहद खराब

हालत यह है कि इंदौर में तो प्रिंटिंग मशीन है। यहां कलेक्टर ने एसडीएम को फ्री हैंड दिया है कि जो प्रिंटिंग मशीन मिले, वहां यह फार्म प्रिंट करा लो। भुगतान ठेका लेने वाला वेंडर अतुल मेहता करेगा। वहीं, बाकी जगह हालत खराब है। हालत यह है कि कई जिलों के कलेक्टर ने अपने अधिकारी ही मेहता की फर्म पर पहुंचा दिए हैं, कि यहीं रहो और रोज अपडेट लेकर अपने फार्म छपवाने की व्यवस्था करो। कई जिलों के अधिकारी इंदौर में ही रुके हुए हैं।




# जीजाजी पैसे तो नहीं लेते..? दारू में पैसे तो नहीं उड़ाते..?

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • यह सवाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी लाड़ली बहनों से किया। दरअसल, आज मुख्यमंत्री ने सिवनी से लाड़ली बहनों की राशि में वृद्धि करते हुए 1500 रुपए की शुरुआत की। अब से प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। प्रदेश की करीब 1 करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में आज 1857 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि सीएम ने अंतरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिलाओं से हल्के-फुल्के अंदाज में संवाद किया। इस दौरान सीएम ने एक महिला के पति शिव चंद्रवंशी से मुस्कुराते हुए पूछा- ''जीजाजी आ गए हैं, आप हमारी बहनों को डराते तो नहीं ह? कहीं पैसे तो नहीं ले लेते उनसे?'' इस पर शिव चंद्रवंशी बोले - 'मैं खुद पेशे से एडवोकेट हूं और स्टेशनी की दुकान भी चलाता हूं। इस कार्य में मेरी पत्नी भी मदद करती हैं' मुख्यमंत्री आगे कहा कि 'कांग्रेसी कहते हैं कि बहनों के पति यह पैसा दारू में उड़ाते हैं' इस बात से महिलाओं ने इंकार भी किया!

## न्यूज ब्रीफ

### जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को पातालपानी में आयोजित किया जाएगा विशाल सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर जिले में भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती उत्साह एवं उमंग के साथ आगामी 15 नवम्बर को मनायी जाएगी। इस दिन जिले में अनेक कार्यक्रम होंगे। जिले का मुख्य कार्यक्रम 15 नवम्बर को सुबह 11 बजे से पातालपानी में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिये राज्य शासन ने जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट को जिम्मेदारी दी है। आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य कार्यक्रम इंदौर जिले के पातालपानी में 15 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जनजातीय संस्कृति, परंपरा और गौरव को प्रदर्शित करने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 'न शेल्टर होम, न मेडिकल सुविधा' डॉग लवर्स ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों से कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम भेजा जा रहा है। इस प्रक्रिया में तय नियमों का पालन न होने को लेकर मंगलवार को डॉग लवर्स ने कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि शहर से बड़ी संख्या में कुत्तों को उठाया गया है, लेकिन देवगुराड़िया शेल्टर होम में सुविधाओं का अभाव है। यहाँ चिकित्सा और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, जिससे कुत्तों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँच सकता है।

# खतरे में इंदौर की सुरक्षा, पुलिस थाने में नहीं मिल रही किराएदार, होटल में रुकने वालों की जानकारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • दिल्ली ब्लास्ट के बाद जागी इंदौर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया है। अधिक आवाजाही वाले बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन की जगहों के साथ टूरिज्म स्पॉट और होटल आदि में जांच की जा रही है। इसमें सामने आया कि कई जगहों से प्रतिबंधात्मक धारा होने के बाद भी किराएदारों, कामगारों, होटल में आने वालों की सूची थानों में नहीं दी जा रही है।

**एक दिन में बनाए गए 13 केस**- सघन चेकिंग के बाद सामने आया कि थानों पर जानकारी देने में लापरवाही की जा रही है। यानी इंदौर में कौन आकर रुककर चला जाए और वारदात कर जाए, यह खबर भी पुलिस को नहीं होगी। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने प्रतिबंधात्मक धारा के तहत इनकी जानकारी देना अनिवार्य किया है। इसके बाद भी थानों पर सभी जानकारी नहीं दी जा रही है। मल्हारगंज थाने में किराएदार की सूचना नहीं देने पर गुरलेज खान और असीत समंत पर प्रतिबंधात्मक धारा उल्लंघन पर बीएनएस धारा 223 का केस बना है। एरोड्रम थाने में फर्नीचर संचालक रामभरोसे धनगर के जरिए 17 श्रमिक कामगारों की जानकारी नहीं दी गई। इन पर भी केस बना।

राजेन्द्र नगर थाने में योगेश मालवीय होटल मिष्ठी पैलेस में रुकने वालों की जानकारी नहीं देने पर केस बना, तो होटल सगुन पर भी केस बनाया गया। गांधी नगर थाने में होटल संचालक पर केस बनाया गया। इसी तरह द्रौपदी बाई द्वारा किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर केस बना। एमजी रोड थाने पर भारत चौरसिया पर किराएदार की जानकारी नहीं देने पर केस बना। बाणगंगा थाने में ओमप्रकाश पर किराएदार की जानकारी नहीं देने पर केस बनाया गया।

भंवरकुआं थाने में गोरेश उधमदासनी ने होस्टल में रुकने वालों की जानकारी नहीं दी। वहीं विवेक पाहूजा के जरिए भी होस्टल को लेकर थाने पर जानकारी नहीं दी गई।

### प्रतिबंधात्मक धारा क्या है?

प्रतिबंधात्मक धारा वह कानूनी धारा होती है। यह किसी व्यक्ति या संस्था को किसी विशेष कार्य को करने से रोकने के लिए निर्धारित की जाती है। इसे अदालत के जरिए जारी किया जाता है। वहीं, इसका उद्देश्य किसी अन्य व्यक्ति के अधिकारों या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से बचाना होता है। इसे आमतौर पर इंजंक्शन भी कहा जाता है।

### बीएनएस धारा 223 क्या है?

भारतीय दंड संहिता की धारा 223 के तहत किसी अपराधी को गैरकानूनी तरीके से भागने में मदद देने या शरण देने पर सजा का प्रावधान है। इसका उद्देश्य अपराधियों को शरण देने या उन्हें भागने में मदद करने वाले व्यक्तियों को दंडित करना है।

# डेली कॉलेज की मनमानी, बोर्ड मेंबर्स को 7 घंटे बिठाया फिर निरस्त कर दी बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • डेली कॉलेज विवाद: देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल इंदौर डेली कॉलेज की मनमानी लगातार जारी है। 12 नवंबर को कॉलेज की बोर्ड बैठक आयोजित की गई। इसके लिए मेंबर्स को 7 घंटे तक इंतजार करवाया गया। फिर अचानक बैठक निरस्त करने की बात कही गई।



बोर्ड मेंबर्स को सुबह साढ़े नौ बजे ही बुला लिया गया और शाम 4 बजे तक बैठक शुरू नहीं की। फिर अचानक बैठक निरस्त कर दी गई। बैठक निरस्त करने के बाद बोर्ड मेंबर्स को ये भी नहीं बताया गया कि अगली बैठक कब है। अचानक बैठक निरस्त किए जाने से बोर्ड के सदस्यों में नाराजगी दिखाई दी। दरअसल बोर्ड सहित सभी की निगाहें हाईकोर्ट के फैसले पर थी, जिस पर आज ही सुनवाई भी हुई, लेकिन फैसले पर निर्णय नहीं दिया गया। वहीं कलेक्टर ने भी बोर्ड में किसी भी प्रकार के बदलाव पर रोक लगा रखी थी।

**4 बजे अचानक बैठक कर दी निरस्त**-12 नवंबर को हाईकोर्ट में डेली कॉलेज को लेकर सुनवाई होना थी और बोर्ड मेंबर्स के साथ ही अभिभावकों की निगाहें भी इस फैसले पर लगी थी। इसी दिन बोर्ड की बैठक भी रखी गई। इसके चलते सभी मेंबर्स को सुबह साढ़े नौ बजे तय समय पर बुला लिया गया। इसके बाद शुरू हुआ इंतजार। यहां डेली कॉलेज की मनमानी देखने को मिली। बताया जाता है कि कुछ सदस्यों के द्वारा बार-बार बैठक शुरू किए जाने का कहा गया, लेकिन बावजूद इसके बैठक शुरू नहीं हुई और अपराह्न करीब 4 बजे बैठक निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

# आरटीओ की कार्रवाई स्कूली बसों की जांच

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आरटीओं की बुधवार को उज्जैन रोड़ पर स्कूल बसों की चैकिंग की गई। स्कूली बसों की जांच के दौरान 11 बसों पर 55 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। जबकि बिना परमिट संचालित पाए जाने पर एक बस जप्त भी की। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर इंदौर जिले में स्कूली बसों की लगातार सघन जाँच की जा रही है तथा नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को उज्जैन रोड स्थित विभिन्न स्कूलों की बसों की चेकिंग की गई। इस दौरान तीन विद्यालय मॉडर्न स्कूल, माउंट कार्मेल स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक एलीमेंट्री स्कूल के सों की जांच की गई।



जांच के दौरान सुरक्षा मानकों, परमिट, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, अग्निशमन यंत्र आदि की स्थिति का निरीक्षण किया गया। कुल 11 बसों में विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 55 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। एक बस बिना परमिट संचालित पाए जाने पर उसे जप्त किया गया। चेकिंग के दौरान निरीक्षण दल ने बसों में यात्रा कर रहे लोगों से फीडबैक प्राप्त किया। बसों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी छात्र सुरक्षा सर्वोपरि है तथा विद्यालय बसों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में आगामी दिनों में भी ऐसी आकस्मिक जांच जारी रहेगी।

**9 बसे जब्त, 95 हजार जुर्माना वसूला**-आरटीओं ने मंगलवार को जांच के दौरान वर्लडकप चौराहा और तीन इमली बस स्टैड़ क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 बसों को जब्त किया था, जबकि 9 बसों से करीब 95 हजार का जुर्माना वसूला गया। जांच में पाया कि वीडियो कोच बस में यात्रियों की जगह भरा था साढ़े पांच लाख का खोपरा। शहर में नियमविरूद्ध चल रही बसों के खिलाफ परिवहन विभाग, प्रशासन और यातायात पुलिस ने संयुक्त जांच अभियान चलाया।

# व्हाइटनर, थिनर के नशे से बच्चे की दोनों किडनी खराब, अब प्रतिदिन करना पड़ रहा डायलिसिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में एक 10 साल के बच्चे की दोनों किडनी खराब हो गई। जानकर हैरानी भी होगी कि बच्चे की यह दुर्दशा किसी गंभीर हादसे से नहीं बल्कि व्हाइटनर, थिनर और पेट्रोल जैसे नशे की लत से हुई है। यह नशा वह पिछले दो सालों से कर रहा था। बच्चे की मां अब दुखी मन से कह रही है कि अन्य बच्चे भी नशे के आदी हैं। पिछले दिनों मूसाखेड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे एक 10 वर्षीय बालक बेसुध मिला था। बच्चे का एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा है। दरअसल, उसकी दोनों किडनी खराब हो चुकी हैं, इसलिए उसका नियमित डायलिसिस किया जा रहा है। बच्चे की मां, अस्पताल स्टाफ और महाकाल संस्था के सेवादार उसकी सेवा में जुटे हैं। इस मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बच्चा दो साल से ड्रग का आदी था। उसे क्षेत्र से ही अपने साथियों के साथ ड्रग की लत लगी थी। इस कारण उसकी किडनी पर असर पड़ा और दोनों खराब हो गईं। इस घटना ने क्षेत्र में बिक रहे नशे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, जब बालक को एडमिट किया गया था तो उसकी हालत काफी क्रिटिकल थी। तब परिवार का पता नहीं चलने से संस्था और स्टाफ ने उसकी कई जांचें करवाई तो पता चला था कि दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं।

## ट्रांसजेंडर के साथ दुष्कर्म, एफआईआर दर्ज

# आरोपी पर दोस्तों से संबंध और जेंडर बदलने का दबाव बनाने का आरोप, 25 लाख रुपए हड़पे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के विजयनगर थाने में बुधवार रात एक ट्रांसजेंडर (किन्नर) की शिकायत पर पुलिस ने उसके दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म, अप्राकृतिक कृत्य और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और फिर दोस्तों से संबंध बनाने का दबाव डाला। उसने शादी के लिए जेंडर चेंज कराने (लड़की बनने) की बात कही और इलाज के नाम पर करीब 25 लाख रुपए हड़प लिए।

विजयनगर पुलिस के अनुसार देवास निवासी 23 वर्षीय ट्रांसजेंडर मॉडलिंग और फैशन डिजाइनिंग करता है। एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान उसकी पहचान युवराज राजपूत उर्फ बन्ना से हुई थी। बातचीत के दौरान पीड़ित ने अपनी पहचान ट्रांसजेंडर के रूप में बता दी थी। इसके बाद युवराज ने इंस्ट्रा आईडी ले ली।

पीड़ित ने बताया कि 9 मई 2024 को युवराज इंदौर आया, उसने शॉपिंग के लिए चलने की बात कही और मिलने के बहाने पीड़ित के घर पहुंचा। दरवाजे पर खड़े युवराज ने कहा कि बाहर से ही जाने को कहोगी या अंदर भी बुलाओगी। आरोप है कि कमरे में आने के बाद युवराज ने कुछ समय बातचीत की और फिर जबरदस्ती पीड़ित को अपनी ओर खींचा और अप्राकृतिक संबंध बनाए।

### डॉक्टर से मिलकर इलाज शुरू कराया

युवराज ने शादी का वादा करते हुए कहा कि शादी के लिए उसे 'लड़की बनना' होगा। उसने एक डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेकर पीड़ित का उपचार भी शुरू कराया। पीड़ित के अनुसार युवराज ने जेंडर चेंज के नाम पर कई बार पैसे की मांग की और अब तक करीब 25 लाख रुपए ले चुका है। बताया गया है कि आरोपी ने पीड़ित के पैसों से एक कार भी खरीदी है। आरोपी ने नशा कराकर अपने अन्य दोस्तों से भी संबंध बनाने के लिए दबाव डाला। मना करने पर उसने बेल्ट और लात-घूंसे से पीड़ित की पिटाई की।

# इंदौर बिल्डर दीपक कालरा ने एनआरके एलयूएक्सई मल्टी में गाइडलाइन रेट पर उठाए सवाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के सबसे बड़े रियल एस्टेट ग्रुप में से एक NRK ने जिला मूल्यांकन कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यह आरोप NRK (नानकराम कालरा) के प्रमुख दीपक कालरा के जरिए लगाए गए हैं। उन्होंने स्कीम 134 में बन रहे हाईराइज मल्टी स्टोरी NRK LUXE प्रोजेक्ट की गाइडलाइन दरों पर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है।

इसमें जिला मूल्यांकन कमेटी, सेंट्रल मूल्यांकन कमेटी और कलेक्टर इंदौर को पार्टी बनाया गया था। ऐसे में, सरकार के जवाबों ने इन आरोपों की पूरी पोल खोल कर रख दी है। वहीं पोल खुलने के बाद याचिका वापस ले ली गई है।

हाईराइज प्रोजेक्ट हक्र्य रूङ्गश्व 60 मीटर ऊंचा है। यह वाणिज्यिक कम आवासीय प्रोजेक्ट है। प्रोजेक्ट की मंजूरी होने के बाद इसमें बिक्री शुरू हुई। नए वित्तीय साल अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के लिए नई प्रॉपर्टी गाइडलाइन तय की गई।

ऐसे में इस प्रोजेक्ट में दाम आवासीय के लिए 90 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर और कमर्शियल के लिए 1.30 लाख प्रति वर्गमीटर तय हुए। इसी को लेकर ग्रुप के प्रमुख दीपक कालरा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

**यह गंभीर आरोप कालरा के जरिए लगाए गए**-कालरा ने याचिका में आरोप लगाए हैं कि जिला मूल्यांकन कमेटी ने अन्य पास की मल्टी स्टोरी वालों को लाभ देने के लिए उनके दाम अधिक तय किए हैं। इससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।

बिल्डर दीपक कालरा ने दावा किया कि पहले यह दाम आवासीय में 35 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर और आवासीय के लिए 70 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर प्रस्तावित हुए। इस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी। वहीं, जब फाइनल दाम आए तो इन्हें 90 हजार और 1.30 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिए गए थे। यह प्रस्तावित दामों से ढाई गुना अधिक थे।

बिना किसी नियम कायदे के यह किया गया था। इसके लिए आवेदक ने इसलिए आपत्ति नहीं ली क्योंकि प्रस्तावित दाम से वह संतुष्ट थे। वहीं, अंतिम दाम में यह ढाई गुना अधिक कर दिए गए। इसके लिए नियमों का पालन नहीं किया गया था।

**सरकार ने इस तरह खोली पोल**- सरकार ने इस मामले में कालरा ग्रुप की पोल खोल दी है। उन्होंने अपने लंबे-चौड़े दिए गए जवाब में बताया है कि संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर पर सभी दाम अपलोड किए गए थे। वहीं, संबंधित के जरिए कोई आपत्ति नहीं ली गई।

यह भी बताया कि जो आरोप लगाया जा रहा है कि पास की मल्टी को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया, वह सरासर झूठा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पास की मल्टी साहिल ग्रांड और साहिल एलीगेंट में भी यही दाम रिवाइज करके किए गए हैं। साहिल ग्रांड में दाम आवासीय के एक लाख रुपए प्रति वर्गमीटर और आवासीय के 1.30 लाख रुपए किए गए है। इसी तरह एलीगेंट में 90 हजार और 1.30 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर रखे गए हैं। वहीं सरकार ने बताया कि कालरा के हक्र्य रूङ्गश्व प्रोजेक्ट में जी 2 व जी 3 यूनिट को मॉर्टगेज रखा गया है। इसका आईसीआईसीआई बैंक ने मूल्यांकन 16 करोड़ रुपए किया है। इसका मतलब यह 3.33 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर रखा गया है।

इस हिसाब से साफ है कि गाइडलाइन में तो व्यावसायिक के दाम केवल 1.30 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर रखा गया जो वास्तविक बाजार के दाम से भी कम है। खुद बैंक का वैल्यूअर यह मूल्यांकन कर रहा है। इस यूनिट पर इसी वैल्यूशन के हिसाब से 10 करोड़ की राशि ली गई है। इस तरह कालरा ग्रुप के जरिए जिला मूल्यांकन कमेटी, सेंट्रल मूल्यांकन कमेटी पर उठाए गए सारे सवाल निराधार हैं। इसके बाद कालरा ने याचिका वापस ले ली है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।